

नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी



◆ वर्षः -14 ◆ अंकः 273 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्यः 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8 ( 4+4 )

धरमजयगढ़, गुरुवार 11 अगस्त 2022



पेज -3 पर नेशनल हाईवे की चौड़ाई को लेकर मंत्री गडकरी से सांसद ....

13 से 15 अगस्त को अपने घर में फहरायें तिरंगा झंडा-सांसद गोमती साय पेज -8 पर



JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in


## झारखंड जनजातीय महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए मुख्यमंत्री बघेल

### रांची में मुख्यमंत्री बघेल का झारखंड के मुख्यमंत्री सोरेन ने किया जोरदार स्वागत

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल झारखंड राज्य की राजधानी रांची में आयोजित जनजातीय महोत्सव-2022 के समापन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर झारखंड के मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री बघेल को सखुआ का पौधा तथा अंगवस्त्र प्रदान कर उनका स्वागत किया।

समृद्ध जनजातीय जीवन दर्शन को समेटे झारखंड जनजातीय महोत्सव का आयोजन रांची के मोरहाबादी मैदान में किया गया था। मुख्यमंत्री श्री बघेल झारखंड के मुख्यमंत्री श्री सोरेन के आमंत्रण पर आज रांची पहुंचे थे।



वहां श्री बघेल का ढोल-नगाड़ों की बुलंद आवाज एवं पारंपरिक रीति-रिवाज से जोरदार स्वागत किया गया। जनजातीय महोत्सव में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री बघेल तथा झारखंड के मुख्यमंत्री श्री सोरेन द्वारा बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक विजेता टीम की सदस्य सलीमा टेट, निक्की



प्रधान और संगीता कुमारी को सम्मानित भी किया गया।



## कॉमनवेल्थ गेम्स में सिल्वर मेडल जीतकर लौटी छत्तीसगढ़ की बेटी

**भिलाई।** बैडमिंटन की नई सनसनी बन चुकी आकर्षी कश्यप बुधवार को कॉमनवेल्थ गेम्स में सिल्वर मेडल जीतकर दुर्ग पहुंचीं। इस दौरान दुर्ग वासियों और कांग्रेसी नेताओं ने आकर्षी का जोरदार स्वागत किया। घरवालों ने तो देखते ही उन्हें गले से लगा लिया। इस मौके पर दैनिक भास्कर ने भी उनसे खास बातचीत की। बातचीत में आकर्षी ने कहा कि उनका लक्ष्य ओलिंपिक में गोल्ड जीतना है। उसके लिए वो पूरी मेहनत करेंगी। आकर्षी ने कहा कि सिल्वर पदक जीतकर काफी अच्छा लग रहा है, लेकिन वो इससे संतुष्ट नहीं हैं। मैं गोल्ड मेडल लाने के लिए कॉमनवेल्थ में गई थी, लेकिन सिल्वर से ही संतोष करना पड़ा है। आगे मैं पूरी मेहनत करूंगी। जब मैं यहां से कॉमनवेल्थ के लिए जा रही थी तो



दुर्ग के महापौर सहित सभी लोगों ने मुझे काफी मोटिवेट किया और शुभकामनाएं दी थीं। भारत के लिए खेल रही थी इससे मेरी जिम्मेदारी भी उतनी ही बड़ी थी। उन्होंने बताया बर्मिंघम में भारतीय समर्थक काफी अधिक थे, वो लोग जब भारत का झंडा उठाकर मुझे अच्छा करने के लिए कहते थे तो वो देखकर मेरे अंदर एक अलग तरह का पावर आ जाता था। पूरे मैच के दौरान मेरा काफी अच्छा अनुभव रहा, जिसे मैं कभी भूल नहीं पाऊंगी।

### बधाई...




**भाई बहन का पर्व रक्षा बंधन के पावन पर्व पर सुधी पाठकों, विज्ञापनदाताओं को जोहार छत्तीसगढ़ की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..**

**- संपादक**

### अवकाश

**रक्षा बंधन के पावन पर्व पर जोहार छत्तीसगढ़ कार्यालय में अवकाश रखा गया है जिससे पाठकों को अगला अंक- 12 अगस्त 2022 को प्राप्त होगा।**

**-व्यवस्थापक**

## रूस-यूक्रेन युद्ध से छूटी मेडिकल की पढ़ाई, स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने केंद्रीय मंत्री को चिट्ठी लिखकर कही यह बात

रायपुर। रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच छत्तीसगढ़ लौटे मेडिकल स्टूडेंट्स का भविष्य अधर में लटक गया है। उनकी पढ़ाई अधूरी रह गई है। छात्र अपनी पढ़ाई पूरी करने सड़क पर उतर आए हैं। यूक्रेन से लौटे मेडिकल स्टूडेंट्स का कहना है कि उन्हें छत्तीसगढ़ के मेडिकल कॉलेजों में एडमिशन देकर पढ़ाई पूरी कराई जाए।



स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री टीएस सिंहदेव ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख एल. मांडविया को पत्र लिखकर मेडिकल स्टूडेंट्स की पढ़ाई पूरी कराने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन से लौटे स्टूडेंट्स को देश के मेडिकल कॉलेजों में अतिरिक्त सीटें आवंटित कर शामिल किया जाना चाहिए।

बता दें कि सस्ती पढ़ाई व आसान एडमिशन के कारण हर साल देश के हजारों स्टूडेंट्स मेडिकल की पढ़ाई करने यूक्रेन जाते हैं। फरवरी-2022 में रूस-यूक्रेन में युद्ध शुरू हो गया। युद्ध के बाद भारतीय स्टूडेंट्स को वहां से लाया गया। इसमें छत्तीसगढ़ के 207 स्टूडेंट्स भी शामिल हैं। वापस आने के बाद स्टूडेंट्स पढ़ाई से वंचित हैं। स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री टीएस सिंहदेव ने यूक्रेन से लौटे स्टूडेंट्स के भविष्य को देखते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख एल. मांडविया को पत्र लिखकर इनकी पढ़ाई पूरी कराने का आग्रह किया है। उन्होंने इसके लिए केंद्र सरकार से विशेष पॉलिसी बनाने की मांग की है। ऐसा करने से छात्र-छात्राओं का भविष्य सुरक्षित रहेगा और इससे देश में डॉक्टरों की कमी भी दूर होगी।

### स्टूडेंट्स के भविष्य को देखते हुए बनाएं पॉलिसी

मंत्री टीएस सिंहदेव ने पत्र में कहा है कि देश के मेडिकल कॉलेजों में अतिरिक्त सीटें बढ़ाई जाए और यूक्रेन से लौटे स्टूडेंट्स को दाखिला दिया जाए। केंद्र सरकार ने युद्ध के दौरान सभी स्टूडेंट्स को सुरक्षित वहां से निकाला। अब इन स्टूडेंट्स की पढ़ाई पूरी करने की जिम्मेदारी भी केंद्र सरकार की है। सिंहदेव ने पत्र में लिखा कि छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों में लौटे स्टूडेंट्स के भविष्य को देखते हुए केंद्र सरकार जल्द निर्णय लें और कोई पॉलिसी बनाएं। सिंहदेव ने अपने पत्र के साथ छत्तीसगढ़ यूक्रेन मेडिकल पैरेन्ट्स एंड स्टूडेंट एसोसिएशन का मांग पत्र भी केंद्रीय मंत्री को भेजा है। बता दें कि युद्ध के दौरान सीएम भूपेश बघेल ने छात्रों के दिल्ली व मुंबई लौटने पर ठहरने और वहां से घर तक पहुंचाने की निःशुल्क व्यवस्था की थी।

## बदलाव की अटकलों के बीच नेता प्रतिपक्ष धरमलाल पहुंचे दिल्ली, राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा से मिले, बीजेपी की सियासत गर्म

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ भाजपा में सियासी उथल-पुथल मचा हुआ है। प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय को बदले के बाद अब नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक को भी बदलने की सियासी चर्चाएं शुरू हो गई है। मंगलवार को विष्णुदेव साय की जगह सांसद अरुण साव की ताजपोशी हुई, तभी से इस बात की अटकलें लगाई जा रही है कि नेता प्रतिपक्ष का चेहरा भी बदला जा सकता है। अटकलों के बीच नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक दिल्ली पहुंच गए हैं। उन्होंने बुधवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की है। ऐसा माना जा रहा है कि नेता प्रतिपक्ष को बदलने का आदेश पार्टी की तरफ से जारी हो सकता है। इससे पहले जब प्रदेश अध्यक्ष को बदला गया था, तब राष्ट्रीय नेतृत्व ने विष्णुदेव साय



को दिल्ली बुलाया गया था। प्रदेश के नेताओं की नजर अब दिल्ली पर टिक गई है। भाजपा के छत्तीसगढ़- मध्य प्रदेश क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल के 3 दिवसीय दौरे के बाद छत्तीसगढ़ भाजपा संगठन में उथल-पुथल का दौर शुरू हुआ है। प्रदेश अध्यक्ष के बदलाव के बाद अब नेता प्रतिपक्ष को दिल्ली तलब किया गया है। बता दें कि धरमलाल कौशिक पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के करीबी हैं।

ईडी ने किया सोना-चांदी तस्करी का बड़ा खुलासा-

## छत्तीसगढ़-झारखंड के ठिकानों पर मिला 16.655 किलो सोना,671.77 किलो चांदी;एक करोड़ 41 लाख नगदी जब्त

**रायपुर।** प्रवर्तन निदेशालय-ED ने म्यांमार से बांग्लादेश-कोलकाता होते हुए छत्तीसगढ़ के सराफा कारोबार में सोना-चांदी की तस्करी का बड़ा खेल पकड़ा है। एजेंसी ने एक अभियान के तहत तलाशी के बाद छत्तीसगढ़ और झारखंड के कारोबारियों और उनसे जुड़े लोगों के पास से 16 किलो 655.63 ग्राम सोना। 671.77 किलोग्राम चांदी और एक करोड़ 41 लाख रुपए नगदी जब्त किया है। यह कार्रवाई प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉड्रिंग कानून के तहत हुई है। मामले की जांच अब भी जारी है।




### 22 ठिकानों पर एक साथ हुई थी कार्रवाई

प्रवर्तन निदेशालय-ED की टीम ने पिछले सप्ताह 5, 6 और 7 अगस्त को छत्तीसगढ़ और झारखंड के 22 ठिकानों पर एक साथ छापा डाला था। यह तलाशी अभियान तस्करी के एक रूट का पीछा करते हुए चला था। श्रष्ठ ने बुधवार देर शाम कार्रवाई का छोटा सा विवरण जारी किया। उसने तलाशी अभियान के दौरान हुई कुल जब्ती की जानकारी दी।

यह भी बताया कि यह गहने और रकम बांग्लादेश से कोलकाता होते हुए रायपुर के फैले अवैध चैनलों से जब्त किए गए हैं। पिछले सप्ताह ED ने तीन दिनों तक छत्तीसगढ़ के कई शहरों में अभियान चलाया था। रायपुर के पंडरी, सराफा बाजार, हलवाई लाइन, सिविल लाइंस स्थित कई समूहों से जुड़े घरों-प्रतिष्ठानों में तलाशी ली गई थी। दुर्ग में भी टीम पहुंची थी।

## बिहार में जो हुआ 2024 का संकेत, छत्तीसगढ़ सीएम भूपेश बघेल का बीजेपी पर हमला

**रांची।** बिहार में हुए सियासी बदलाव पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भारतीय जनता पार्टी पर हमला बोला है। उन्होंने कहा, 2024 के लिए यह परिवर्तन के संकेत हैं। बिहार में हर व्यक्ति राजनीतिज्ञ होता है। राजनीति बिहार की आबोहवा में है। उन्होंने कहा, वे (भाजपा) झारखंड में सरकार गिराना चाहते थे, लेकिन उनकी अपनी सरकार (बिहार में) गिर गई। एनडीए के सहयोगी दल इसे छोड़ रहे हैं। चाहे वो अकाली दल हो शिवसेना हो या जदयू। यह 2024 के लिए एक संदेश है, लोगों का केंद्र से



मोहभंग हो गया है। सीएम बघेल ने आगे कहा, बिहार में जो परिवर्तन हुआ और नया महागठबंधन बना है उसके लिए नीतीश, तेजस्वी और सभी साथियों को बधाई और शुभकामनाएं। नीतीश आठवीं बार सीएम और तेजस्वी दूसरी बार डिप्टी सीएम बने हैं। जेडीयू के एनडीए से अलग होने पर मुख?यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, एनडीए से सबसे पहले अकाली दल का साथ छूटा फिर शिवसेना अब जेडीयू ने किनारा कर लिया है। घटक दलों में एनडीए के प्रति अविश्वास बढ़ रहा है। इसकी वजह से दल अलग हो रहे हैं।

बता दें कि मुख्यमंत्री बघेल आज राजधानी रांची में आयोजित विभिन्न् कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद रात में रायपुर लौट आएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बघेल विशेष विमान से दोपहर दो बजे रांची के लिए रवाना हुए।

## ट्रक लावारिस छोड़ सामान लेकर चालक फरार

**रायपुर ।** ट्रक चालक ने ट्रक में लोड सामान को लेकर भाग गया और वाहन को लावारिस हालत में छोड़कर भाग गया। प्रार्थी की शिकायत पर कबीरनगर पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार वजीरा बाग महाराष्ट्र निवासी प्रार्थी जाकीर साह 29 वर्ष ने थाने में शिकायत किया कि आरोपी राशिद मोहम्मद खान पेशे से ट्रक चालक है। बताया जाता है कि आरोपी प्रार्थी के ट्रक क्रमांक एमएच 14 जेपी 2499 को चलाता है।

**तिरंगा यात्रा...** जिले के भाजपाइयों के पास नहीं है तिरंगा झंडा, पदाधिकारियों से बोले-बिना तैयारी के कैसे सफल होगा अभियान

## बीजेपी की आधी-अधूरी तैयारी पर भड़के बृजमोहन अग्रवाल

बिलासपुर। बिलासपुर में तिरंगा यात्रा की तैयारी को लेकर बैठक लेने आए BJP नेता व पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल नाराज हो गए। उन्होंने आधी-अधूरी तैयारी को लेकर संगठन के पदाधिकारियों को जमकर फटकार लगाई।




उनका कहना था कि तिरंगा यात्रा देश के प्रधानमंत्री के आह्वान पर आयोजित की जा रही है। लेकिन, इसे लेकर संगठन के पदाधिकारी सजग नहीं रहेंगे तो अभियान सफल कैसे होगा। केंद्र सरकार स्वतंत्रता के 75वां वर्षगांठ पर आजादी के अमृत महोत्सव मना रही है। इसके तहत इस बार 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा यात्रा करने और घर-घर में तिरंगा झंडा फहराने का निर्णय लिया गया है। केंद्र सरकार के इस अभियान को सफल बनाने के लिए भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के साथ ही प्रदेश के पदाधिकारियों ने देश भर में तिरंगा यात्रा निकालने और इस अभियान का प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया है। साथ ही सभी जिलों और मंडल के पदाधिकारियों को भी आम लोगों में राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत कर घर-घर तिरंगा फहराने की तैयारी करने के निर्देश दिए गए हैं। भाजपा ने इस अभियान को सफल बनाने के लिए प्रदेश के सभी भाजपा नेताओं को जिम्मेदारी दी है। बिलासपुर संभाग में तिरंगा यात्रा का प्रभार वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल को दिया गया है। तिरंगा यात्रा 9 से 13 अगस्त तक किया जाएगा। इसकी तैयारी को लेकर बुधवार को उन्होंने भाजपा के संगठन पदाधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने जानकारी ली, तब पता चला कि अभी तक जिला संगठन के पदाधिकारियों ने मंडल और निचले स्तर के पदाधिकारियों को झंडा नहीं दिया है। यह सुनकर बृजमोहन अग्रवाल पदाधिकारियों पर खासे नाराज हो गए। उनका कहना था कि हवा-हवाई बातों में कोई अभियान सफल नहीं होता है। इसके लिए पहले से तैयारी करने की जरूरत है और यहां कोई तैयारी नहीं की गई है।



उल्टा तिरंगा पर राजनीति

## अजय चंद्राकर का सीएम भूपेश बघेल पर हमला, पूछा- क्या छत्तीसगढ़ में दो कानून हैं?

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में तिरंगे के अपमान को लेकर भाजपा-कांग्रेस के नेताओं के बीच सियासत चल रही है। पूर्व मंत्री व भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने ट्वीट कर सीएम भूपेश बघेल पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़, राजनांदगांव की महापौर उल्टा झंडा पकड़ी हैं। ऐसे ही मुद्दे पर धमतरी के भाजपा जिलाध्यक्ष पर गैर जमानती (Non-bailable) धारा लगी है। क्या आपकी पुलिस राजनांदगांव के महापौर के ऊपर भी यही कार्यवाही करेगी? आप तो विश्व इतिहास के सबसे न्याय प्रिय राजा हैं! इस मामले में भाजपा



कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को विधायक के साथ कोतवाली थाने में खूब हंगामा भी किया। अजय चंद्राकर ने सीएम भूपेश बघेल से कहा कि आप बहुत विद्वान व्यक्ति हैं। कृपया बताने का कष्ट करें...। राष्ट्रीय ध्वज के अपमान के लिए छत्तीसगढ़ में क्या दो कानून है? या राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान सिर्फ धमतरी के कांग्रेसी करते हैं, बाकी प्रदेश (राजनांदगांव) के कांग्रेसी सम्मान नहीं करते...? उन्होंने कहा कि राजनांदगांव की पुलिस यदि महापौर के ऊपर कार्यवाही नहीं करेगी तो आप प्रदेश के नहीं सिर्फ कांग्रेस के मुख्यमंत्री माने जाएंगे और हम रामगोपाल अग्रवाल के नेतृत्व में धमतरी के पुतले कांग्रेसियों को राजनांदगांव बंद कराने एवं पुतला दहन करने भेजेंगे।

# नीतीश सबके हैं, आगे सबके बने रहने की होगी चुनौती

क्रांति की धरती बिहार में अगस्त क्रांति के दिन पलटी मार कर नीतीश कुमार ने सत्ता की बाजी एक बार फिर पलट दी। क्रांति का नया स्वर बुलंद कर दिया। नीतीश ने सियासी गुल खिला कर कमल को मुरझा दिया। हालांकि अब नीतीश की चुनौतियां और ज्यादा बढ़ गई हैं। नीतीश सबके हैं लेकिन क्या आगे भी वह बिहार से दिल्ली तक सबके बने रह पाएंगे, यही उनके लिए बड़ी चुनौती होगी।

दरअसल, एक तरफ, नीतीश के सामने सबके बने रहने की चुनौती है तो दूसरी ओर भाजपा के सामने सबका साथ, सबका विकास के मंत्र का टोटा है।

बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान एक पोस्टर खूब चर्चा में था- नीतीश सबके हैं। यही पोस्टर फिर पटना की सड़कों पर नजर आया। गठबंधन से महागठबंधन की ओर पलटी मार कर नीतीश ने फिर से साबित कर दिया है कि वह सबके हैं लेकिन अब उनके सामने आगे भी सब के बने रहने की चुनौती होगी।

बिहार की सियासी बिसात पर नीतीश ने बाजी पलट दी है और शह-मात के खेल में गुल खिलाते हुए कमल को मुरझा दिया है। क्रांति की धरती बिहार से अगस्त क्रांति के दिन नई सियासी क्रांति की पटकथा लिखी गई।

नीतीश ने बिहार से दिल्ली को आंखें दिखाकर भले दिल्ली पर निगाहें टिका रखी हों लेकिन बिहार से दिल्ली तक आगे नीतीश के लिए सबके हैं या सब के बने रहने की राह आसान नहीं है।

जाहिर है, 2024 के लोकसभा चुनाव हों या 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव, इन दोनों से पहले बिहार में शह-मात के नये-नये सियासी दांव नजर आएंगे। नीतीश के सामने अब बिहार से लेकर दिल्ली तक सबके बने रहने की चुनौती है तो भाजपा के सामने सबका साथ, सबका विकास के मंत्र का टोटा है।

बिहार में बुधवार को नीतीश की फिर से मुख्यमंत्री के पद पर आठवीं बार ताजपोशी हो गई। नीतीश ने लालटेन की लौ तेज कर दी है। अपने लिए भी उम्मीदें रौशन की हैं। बिहार में नए मंत्रिमंडल गठन से पहले ही स्पीकर और गृह मंत्री की कुर्सी को लेकर खींचतान की चर्चा तैर गई।



बिहार की सियासी उठापटक

नीतीश ने बिहार से दिल्ली को आंखें दिखाकर भले दिल्ली पर निगाहें टिका रखी हों लेकिन बिहार से दिल्ली तक आगे नीतीश के लिए सबके हैं या सब के बने रहने की राह आसान नहीं है। जाहिर है, 2024 के लोकसभा चुनाव हों या 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव, इन दोनों से पहले बिहार में शह-मात के नये-नये सियासी दांव नजर आएंगे।

पाना

नीतीश फिर सब (राजद, कांग्रेस, हम, वाम व अन्य) के हैं, लेकिन मंत्रिमंडल में भागीदारी के बाद बिहार में इन सभी सहयोगी दलों के विधायकों को संतुष्ट रख इतना आसान नहीं होगा।

ऐसे में न केवल अकेले जदयू बल्कि राजद-कांग्रेस सरीखी पार्टियों के सामने भी भविष्य में अपने-अपने कुनबे को साथ बचाए रखने की चुनौती होगी।

इन सभी के असंतोष को थामकर नीतीश के लिए सब के हैं...की चुनौती होगी। देर-सबेर महागठबंधन के विधायकों में यदि असंतोष पनपता है तो भाजपा के फायदा उठाने की सियासी कयासबाजी को नकारा नहीं जा सकता है। नीतीश के इस सियासी दांव को राजनीतिक गलियारे में भले लोकसभा चुनाव में पीएम उम्मीदवारी के नजरिये से मास्टर स्ट्रोक माना जा रहा हो,लेकिन नीतीश के लिए दिल्ली अभी दूर दिखती है। तब आरसीपी के कंधे की जरूरत न होगी। जाहिर है कि इस नई सरकार के लिए करीब तीन साल तीन महीने का कार्यकाल पूरा करने की राह निरापद नहीं है। ऐसे में बिहार के राजनीतिक परिदृश्य के नजरिए से भी नीतीश के सामने सबके हैं और सब के बने रहने की चुनौती होगी। नीतीश के सामने बिहार में राजकाज, विधि-व्यवस्था और आर्थिक पटरी पर विकास की रफ्तार को डबल इंजन के बगैर सरपट दौड़ाने की चुनौतियां भी होंगी। किसी जमाने में जंगल राज और कर्मचारियों-पेंशनभोगियों को वेतन-पेंशन के लाले वाले इस राज्य ने इस कोरोना आपदा के दौरान समूचे देश के लिए मुफ्त वैक्सीन की राह खोली। अब अकेले अपने बूते इन चुनौतियों से नीतीश को बिहार को उबारना होगा। नीतीश के सामने स्पीकर, गृह मंत्री, मंत्रालयों के विभागों का बंटवारा जैसे मुद्दों पर भी महागठबंधन में संतुलन बनाये रखने की चुनौती होगी।

यही कारण है कि बुधवार को भी बाकी मंत्रियों को शपथ नहीं दिलाई गई। फिलहाल, नीतीश-तेजस्वी ने शपथ ली है। नीतीश की स्पीकर बदलने को लेकर भाजपा से जो अनबन हुई थी,वही स्पीकर की कुर्सी दूसरे पाले में देने की लाचारी भी दिख रही है। नीतीश के इस सियासी दांव को राजनीतिक गलियारे में भले लोकसभा चुनाव में पीएम उम्मीदवारी के नजरिये से मास्टर स्ट्रोक माना जा रहा हो,लेकिन नीतीश के लिए दिल्ली अभी दूर दिखती है। इसकी एक वजह यह है कि नीतीश के पीएम उम्मीदवार के कयास भले लगाए जाने लगे हों लेकिन सवाल उठता है कि क्या नीतीश आगे भी सबके बने रह पाएंगे। क्या क्षेत्रीय क्षत्रप केसीआरराव, शरद पवार, ममता बनर्जी, अरविंद केजरीवाल विपक्ष के एकजुट पीएम उम्मीदवार के तौर पर नीतीश के नाम पर आसानी से मुहर लगा देंगे? क्षेत्रीय दलों की बात तो दूर क्या राष्ट्रीय और सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस इतनी आसानी से पीएम उम्मीदवारी के लिए अपनी दावेदारी छोड़ देगी?

हरि वर्मा

## संपादकीय

### व्यापार घाटा, समाधान ढूंढे

तात्कालिक कोई बड़ी चुनौती भारत के सामने नहीं है। लेकिन महंगाई और मंदी का जो ट्रेंड है, उसके दीर्घकालिक होने के हालात हैं। ऐसे में निश्चिंत होना सही नजरिया नहीं होगा। बीते जून में भारत के व्यापार घाटे का रिकॉर्ड बना था, जब ये घाटा 26 बिलियन डॉलर से अधिक दर्ज हुआ। तभी उसे चेतावनी की एक घंटी बताया गया था। लेकिन जुलाई में तो बाद उससे बहुत आगे बढ़ गई। ये घाटा 31 बिलियन डॉलर से भी आगे चला गया है। इसके साथ ही एक और चिंताजनक पहलू यह रहा कि भारत के निर्यात में 12 प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई। अब जबकि अमेरिका और यूरोप पर मंदी का साया गहरा रहा है, तो आशंका है कि उससे भारत के निर्यात पर और खराब असर पड़ेगा। जबकि आयात बिल को घटाने का कोई रास्ता निकलता नहीं दिख रहा है। पेट्रोलियम और अन्य कॉमोडिटी की महंगाई से पहले जितनी ही चीजें मंगाने पर ज्यादा विदेशी मुद्रा खर्च करनी पड़ रही है। यह आसन्न बड़ी समस्या का संकेत है। यह ठीक है कि अभी भारत के पास मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार है। इसलिए तात्कालिक कोई बड़ी चुनौती सामने नहीं आएगी। लेकिन दुनिया की तमाम संस्थाएं और विशेषज्ञ चेतावनी दे रहे हैं कि अभी महंगाई और मंदी का जो ट्रेंड है, उसके दीर्घकालिक होने के हालात हैं। ऐसे में भविष्य में गंभीर चुनौती अवश्य सामने आएगी। इसलिए अभी से सतर्क होने की जरूरत है। गौरतलब है कि देश में अधिक डॉलर लाने के लिए सरकार ने जो दो उपाय घोषित किए थे (कंपनियों के डॉलर में कर्ज लेने की सीमा को दो गुना करना और अनिवासी भारतीयों की रकम आकर्षित करने के लिए बैंकों को ब्याज दर में लचीलापन अपनाने की छूट देना), उनसे कोई उल्लेखनीय लाभ नहीं हुआ है।

# भाई और बहन के स्नेह का त्योहार रक्षाबंधन

भारतीय संस्कृति मे रक्षाबंधन का त्योहार भाई-बहन के प्रेम का एक अविरल त्योहार माना जाता है जिसमें भाई के स्नेह और प्रेम रूपी धागे को उसके कलाईयों में बांधकर ,बहन उसके दीर्घायु की कामना करती है और भाई भी उसके जीवन पर्यंत उसके सुहाग और उसकी रक्षा करने के वाचन देता है इससे एक ओर तो सामाजिक और पारिवारिक सहभागिता बढ़ती है

दूसरी ओर भावनात्मक संबंध और सहकार की भावना भी विकसित होती है । वर्तमान समय में आधुनिकता के दौर में विभिन्न आयामों को लेकर संयुक्त परिवार विघटित हो रहे । आज संयुक्त परिवार की अवधारणा शहरों में तो काम देखने को मिल ही रही है परंतु इसका प्रभाव ग्रामीण क्षेत्र में भी देखने को मिल रहा है उसमें अनन्य प्रकार के अवसाद दिखायी देते है जिससे आपसी मन मुटाव बढ़ता है । ऐसे में यह त्योहार एकता के सूत्र में (घर ,परिवार और परिजनों को ) बांधने का काम करते है । रक्षा बंधन का त्योहार भी ऐसे ही भावनात्मक संबंधों को विकसित करता है जिसमें इस दिन भाई बहन आपस में मिलकार एक दूसरे के लिए मंगलकांनाएं और दीर्घायु की कामना करते है । रक्षा बंधन का त्योहार इस परिदृश्य से भी अधिक प्रासंगिक है की इसमें केवल भाई-



बहन ही नहीं अपितु सम्पूर्ण परिजन एक साथ बैठकार प्रसन्नता को साझा करते है । ऐसे त्योहारों से रिश्तों में समन्नता और मधुरता बढ़ती है जिससे की रिश्ते लंबे समय तक कायम रहते है और आपसी शिकवे-गीले खत्म हो जाते है । इस दिन बहन स्वयं भाई के घर पहुँचती है और अपने भाव के अनुसार उसका सत्कार करते हुए रक्षा ( राखी ) बांधती है और उसका तिलक भी करती है साथ ही यह भी प्रथा प्रचलित है की हल्दी और चावल का टीका लगाया जाता है जिसे एक थाली में सजाकर भाई की आरती उतारकर उसका मुंह मीठा कराकर उसके दहिनें हाँथ में रक्षा ( राखी ) बंधी जाती है और उसके दीर्घायु की कमना भी बहन करती है । इसके उपरांत भाई के द्वारा यद्यपि कुछ भौतिक उपहार प्रदान किया जाता है परंतु इसका अर्थ यह नहीं होता की उस उपहार के माध्यम से राखी की सम्पूर्ण आयदगी हो जाती है । इसमें भाई यह संकल्प लेता है की वह जीवन पर्यंत उसके और उसके सुहाग की रक्षा करेगा , परंतु इस रक्षा बंधन में सभी भाईयों को यह संकल्प लेना चाहिए की वह ऐसा कोई भी कृत्य दूसरों की बहनों के साथ नहीं कारेगे जो उनके बहन के लिए भी ठीक और उचित ना हो । सभी बहनों को भी यह सुनिश्चित करना होगा की आज जो अन्य बहने पीड़ित हो रही है । सामाजिक बहिष्कार झेल रही है ,समाज उन्हे सम्मान नहीं डे रहा है ,क्योंकि वह किसी दरिंदे का शिकार हो गई थी । किसी ने उन्हे बीच रास्ते में ही छोड़ दिया जबकि पूरा जीवन साथ निभाने का संकल्प लिया था । बहुत सी बहने अन्याय और अमानवीयता का बोझ झेल रहीं है ऐसे में रक्षा की पूर्ण संकल्पना कारगर नहीं होगी । ऐसे में सभी बहनों को यह संकल्प इस रक्षा बंधन के त्योहार में जरूर लें की वह अपने सभी को राखी बांधते समय ऐसे अमानवीय कृत्यों को न करने को कहे तभी ऐसे में त्योहारों की सार्थकता और प्रगतिशीलता कारगर साबित होगी ।

**- स्नेहा यादव**

पत्रलेखा चटर्जी

## मिला जुला

# सीतापुर के आदिवासी समुदाय द्वारा मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस

जोहार छत्तीसगढ़-सीतापुर।

9 अगस्त को संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा घोषित विश्व आदिवासी दिवस के रूप में मनाया जाता है, इसी के अंतर्गत सरगुजा जिले के सीतापुर में भी क्षेत्र के आदिवासी समुदायों द्वारा विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। आपको बता दूं कि सीतापुर क्षेत्र के सभी समुदायों के आदिवासी अपने क्षेत्रों से सीतापुर पहुंचे थे

कार्यक्रम का आयोजन सीतापुर के लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में किया गया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यक्रम का आयोजन छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा किया गया था, इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर क्षेत्रीय विधायक एवं छत्तीसगढ़ शासन के खाघ एवं सांस्कृतिक मंत्री अमरजीत भगत पहुंचे थे, साथ ही यहां के क्षेत्रीय आदिवासी नेताओं, अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों के साथ लगभग 15000 से ऊपर



आदिवासी समुदाय कार्यक्रम में सम्मिलित हुए थे, कार्यक्रम की शुरुआत आदिवासी समुदाय द्वारा अपनी पारंपरिक पूजा के साथ प्रारंभ हुआ, जिसमें क्षेत्र के सभी समुदाय के आदिवासी बैगा, सम्मिलित हुए थे। आदिवासी समुदाय द्वारा बृहद रैली सीतापुर में निकाली गई,

जो लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम से निकलकर नगर भ्रमण करते हुए पुन: लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम पहुंची, इस रैली में आदिवासी अपने पारंपरिक वेशभूषा में सज धज कर नाचते गाते रैली में शामिल हुए,

लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गयाए जिसमें क्षेत्र के स्कूलों एवं कॉलेजों के आदिवासी छात्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी, कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले समूहों को क्षेत्रीय विधायक एवं छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य सांस्कृतिक मंत्री अमरजीत भगत द्वारा साड़ी धोती एवं पैसे देकर प्रोत्साहित किया गया, मंत्री अमरजीत भगत ने अपने उद्बोधन में कहाए कि हमारे मुख्यमंत्री द्वारा आदिवासियों के लिए पूरे छत्तीसगढ़ में आज विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर छुट्टी घोषित किया गया हैए साथ ही उन्होंने कहा आज स्टाल लगाकर लोगों को वन अधिकार पट्टा दिया गया है, तथा विशेष पिछड़ी जनजाति कोरवा एवं पंडो को नोकरी मे विशेष नियुक्ति आज दिया गया है, साथ ही क्षेत्र के शहीद कृष्णनाथ किंडो के सम्मान में उनकी प्रतिमा उनके गांव में लगाने की घोषणा की, साथी ही क्षेत्र के जो पूर्व विधायक एवं नेता है उन स्वर्गीय नेताओं की प्रतिमा भी सीतापुर क्षेत्र में लगाने की घोषणा की, उन्होंने कहा आदिवासियों के लिए बन रहे आदिवासी भवन का काम चालू हो गया है वह अगले साल तक बंन कर पूर्ण हो जाएगा और अगले आदिवासी दिवस में कार्यक्रम की शुरूआत वहीं से की जाएगी।



# बारिश के मौसम में बच्चों को बीमारियों से बचाए-डॉ.मीरा बघेल

जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।

बारिश के मौसम में बच्चों में सर्दी, खांसी, जुकाम, डायरिया और चर्म रोग जैसी बीमारियां होने का सबसे ज्यादा खतरा रहता है। पानी में भीगने पर बुखारए सिरदर्द और कभी कभी कब्ज भूख न लगने की शिकायत भी बच्चों में हो जाती है। इसके अलावा बारिश के दिनों में डेंगूए मलेरिया के भी मामले सामने आते हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मीरा बघेल कहती है बारिश के मौसम में बच्चों सबसे ज्यादा बीमार पड़ जाते हैं। फ्लू वायरल फीवर, डायरिया, टाइफाइड, हेपेटाइटिस, जॉन्डिस पीलिया शरीर में दर्द की समस्या सामने आती हैं। बरसात कई तरह की बीमारियां भी साथ लेकर आती है। इसीलिए बच्चों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता होती है। बच्चों को बरसात के रुके हुए पानी में खेलने और रिमझिम बूंदों में भीगने से रोकना चाहिए क्योंकि यह मौसम बच्चों को बीमारी की ओर धकेल देता हैं। उन्होंने कहा बच्चे जब भी बाहर खेलने जाए तो उन्हें पूरी आस्तीन के कपड़े पहना कर ही खेलने जाने दें। बच्चों को समझाएं कि जमा हुए पानी में न जाए इससे चर्म रोग का खतरा हो सकता है। बरसात के दिनों में इनडोर घर के अंदर खेल खेलने के लिए प्रेरित करें। मक्खी और मच्छर से बचने के लिए मच्छरदानी का प्रयोग करें। घर में स्वच्छ वातावरण रखेंए नियमित रूप से फ्निाइल का दिन में दो बार पोछा लगाएं। जब भी घर से बाहर निकलें छाता या रेनकोट साथ ले जाना न भूलें। विशेष रूप से बहारी खाना खाने से बचें और बच्चों को भी रोकें। बारिश में भीग गए हैं तो घर आते ही तुरंत गीले कपड़े बदलें, पूरे शरीर को अच्छे से पोंछ कर सूखे कपड़े पहनें, बरसात के दिनों में जब भी धूप निकले, बिस्तर को धूप में डालें, इससे नमी के कारण उसमें पैदा होने वाले कीटाणु मर जाएंगे बिस्तर में बदबू भी नहीं आएगी। भीगे जूतेए चप्पल सैंडल आदि न पहने। ऐसे साधारण जूते, चप्पल या सैंडल ही पहनें जो जल्दी ही सूख जाए। जल्दी सूखने वाले कपड़ों का चयन करें। पानी की शुद्धता से समझौता न करें और हमेशा शुद्ध पानी का ही प्रयोग करें। यह भी बेहतर होगा के पानी को उबाल कर पीएं। अगर बच्चे में सर्दी, खांसी, जुकाम, उल्टी-दस्त, चर्म रोग, सिरदर्द, बुखार, जी मिचलाना, कब्ज या भूख न लगना जैसे कोई भी लक्षण दिखाई तो तुरंत नजदीकी शासकीय स्वास्थ्य केंद्र में जा कर जांच अवश्य कराएं।

### मच्छर मक्खी जनित रोगों से बचाने के लिए यह करें

घर में और आसपास कूलर, एसी, गमलों और टायर आदि में पानी जमा न होने दें। पानी की टंकियों को सही तरीके से ढककर रखें, और नियमित साफ साफई करें। खिड़की दरवाजों में जाली लगवाएं, मच्छर मक्खी के आने वाले रास्ते बंद रखें। एक मच्छर भी आपको मरीज बना सकता है। इसलिए मच्छर को मारने में देरी ना करें। अगर लगातार बुखार आ रहा हो और डेंगू, मलेरिया के लक्षण दिख रहे हो तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

# उद्योग मंत्री कवासी लखमा ने की विकास कार्यों की समीक्षा

रेगड़गट्टा में प्राथमिकता से मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश



जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।

आबकारी एवं उद्योग मंत्री कवासी लखमा की अध्यक्षता में आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिले में संचालित विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक आहूत की गई। मंत्री लखमा ने कोण्टा क्षेत्र में आयी बाढ़ के दौरान लोगों को जल्द राहत पहुंचाने और हर संभव सहयोग प्रदान करने के लिए जिला प्रशासन सहित जनप्रतिनिधियों और पुलिस विभाग की प्रशंसा करते हुए कहा कि कोण्टा में आयी बाढ़ भीषण थी। आप सभी के तत्परता के फलस्वरूप स्थानीय निवासियों को समय पर मदद मिली और कोई हताहत नहीं हुये। उन्होंने कहा कि कोण्टा में हुये क्षति का आंकलन पश्चात मुआवजा राशि हितग्राहियों के बैंक खाते में ट्रांसफर करे। बीते दिनों सुकमा, छिन्दगढ़, दोरनापाल में भी बाढ़ की स्थिति निर्मित हुए थी। जिसमें छिन्दगढ़ ब्लाक के कुद गांव के ग्रामीणों को आंशिक या पूर्ण मकान क्षति हुई है इसका तत्काल आकलन करवाकर आर्थिक सहायता प्रदान करें। उन्होंने कलेक्टर हरिस एस को जमीनी स्तर के सभी अधिकारी व कर्मचारियों को फिल्ड में रहने

### कोण्टा बाढ़ प्रभावित हितग्राहियों के बैंक खातों डाली जाएगी मुआवजा राशि

हेतु निर्देशित करने को कहा। ताकि किसी भी प्रकार की क्षति का आकलन जल्द से जल्द किया जा सके। इसके साथ ही छिन्दगढ़ ब्लॉक में क्षतिग्रस्त सड़कोंए पुलिया का शीघ्र मरम्मत करवाने निर्देशित किया।

### रेगड़गट्टा में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता को प्राथमिकता

मंत्री लखमा ने कहा कि ग्राम रेगड़गट्टा में सड़क, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य आदि की उपलब्धता पर प्राथमिकता से कार्य करें। उन्होंने रेगड़गट्टा में सड़क निर्माण के लिए प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत करने को कहा। इसके साथ ही गांव में विद्युतीकरण का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रेगड़गट्टा के निवासियों में व्यवहार परिवर्तन आवश्यक है, इसके लिए सभी विभाग मिलजुल कर प्रयास करें। उन्होंने गांव में सतत् रुप से स्वास्थ्य शिविर संचालन करने को कहा। बैठक में उन्होंने जिले में संचालित विभिन्न विभागों के द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने जिले में खाद बीज, वर्मी खाद भण्डारण एवं उठाव का संज्ञान लिया। जिले में मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना, धान के बदले अन्य फसल की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने स्थानीय अधिकारी, जनप्रतिनिधियों को ग्रामीणों के मध्य कोदोए कुटकी की फसल लेने के लिए प्रोत्साहित करने कहा। इसके साथ ही छिन्दगढ़ ब्लॉक में सरपंच, सचिव, जनपद सदस्य की बैठक लेकर रागी की फसल लगाने हेतु कृषकों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। पशुपालन विभाग अन्तर्गत व्यक्ति मूलक योजनाओं की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि पशु वितरण योजना का असल लाभ का आकलन करने के लिए इसकी मानीटरिंग भी आवश्यक है। उन्होंने कुपोषण को मात देने के लिए आंगनबाड़ी में अण्डा प्रदान किए जाने पर जोर देते हुए कहा कि जिले में अण्डा उत्पादन के लिए बड़ी योजना स्थापित करें। इसके साथ ही पशु पालन विभाग के अधिकारियों को पशु रोग क्पेमेंम के प्रति सतर्क एवं सजग रहने के निर्देश दिए।

# नेशनल हाईवे की चौड़ाई को लेकर मंत्री गडकरी से सांसद साहू ने की मुलाकात

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

**जिले के बसना विकासखण्ड के अंदर से गुजरने वाली पुरानी एनएच सड़क के चौड़ीकरण को लेकर बसना नगरवासियों के मन में चिंता का माहौल बना हुआ है। बसना विकास योजना 2031 के तहत बसना नगर के अंदर से गुजरने वाली पुरानी नेशनल हाइवे की सड़क को 120 फीट चौड़ाई से बढ़ाकर 150 फीट चौड़ा करने का मामला सामने आया है।**



बता दें कि पूर्व में बसना व सरायपाली जैसे नगरों में यातायात के दबाव को देखते हुए व नगर के अंदर अधिक चौड़ी सड़क के निर्माण में बाधा को समझते हुए एनएचएआई ने बसना व सरायपाली से बाईपास सड़क का निर्माण गत 5 वर्ष पूर्व ही कराया था। ऐसे में उक्त सड़क की चौड़ाई 200 फीट है व बसना नगर के अंदर की सड़क की चौड़ाई 120 फीट है। अब नए प्लान के अनुसार शहर के व्यापारियों के अनुसार जो दुकानें अभी रोड के मध्य से 60 फीट में स्थित है और आगे उन्हें 15 फीट और तोड़ना पड़ेगा। इससे उन्हें भारी नुकसान तो उठाना ही पड़ेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार बसना विकास योजना 2031 में नया बाई पास रोड़ जिसकी चौड़ाई लगभग 200 फीट है और इसके होते हुए भी पुराने नेशनल हाइवे को मास्टर प्लान में 45 मीटर प्रस्तावित किया गया है।

वर्तमान में पुराने एनएच के मापदंड के अनुसार स्थल में लगभग 110 से 120 फीट तक ही खुला है। यदि नए मास्टर प्लान के अनुसार पुराने एनएच की चौड़ाई को 150 फीट रखा जाता है तो मार्ग के दोनों ओर लगभग 20-20 फीट पूर्व निर्मित भवनों व दुकानों को तोड़ना पड़ेगा। जबकि आरंग व महासमुंद में एनएच की चौड़ाई को मास्टर प्लान मे 100 फिट रखा गया है। इसे लेकर स्थानीय व्यापारियों कारोबारियों में तोड़ फोड़ किए जाने को लेकर आशंका बनी हुई है। इससे उनके कारोबार के साथ ही दुकानदारी भी प्रभावित होगी।

### सांसद चुन्नीलाल साहू ने परिवहन मंत्री से की चर्चा

*इस समस्या को देखते हुए नगर के व्यवसायियों ने महासमुंद सांसद चुन्नीलाल साहू से चर्चा की और इसके समाधान की मांग की। इसे संज्ञान लेते हुए सांसद चुन्नीलाल साहू ने केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर चर्चा की और सड़क की चौड़ाई को पूर्व के अनुसार 120 फिट ही रखने के लिए निवेदन किया। वहीं लोकनिर्माण विभाग के जिम्मेदार अधिकारी इस प्रकार की कोई भी जानकारी देने से बचते नजर आ रहे हैं।*

# वितरण केंद्र बेरला, भिंभौरी एवं सरदा के निरीक्षण में पहुंचे मुख्य अभियंता

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता एम जामुलकर दुर्ग क्षेत्र के अंतर्गत बेमेतरा जिले के नवांगढ़, बेमेतरा ग्रामीण, रांका, मारो, नांदघाट तथा वितरण केंद्र बेरला, भिभौंरी एवं सरदा के कार्यों के निरीक्षण में पहुंचे। उन्होंने वितरण केंद्रों में पहुंचकर वहां के कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने बेमेतरा प्रवास के दौरान कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला से सौजन्य मुलाकात की। जामुलकर ने अधिकारियों से कार्यों की विस्तृत जानकारी लेते हुए अंचल में निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाये रखने के कड़े निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों की शिकायत पर भिभौंरी वितरण केंद्र के कनिष्ठ यंत्री नवीन कुमार वर्मा का स्थानांतरण कर दिया गया है। उनके स्थान पर कनिष्ठ यंत्री चंद्र कुमार बघेल को पदस्थ किया गया है। जामुलकर विगत एक सप्ताह से बेमेतरा जिले के विद्युत समस्याओं को निराकरण करने के लिए लगातार जिले का दौरा कर कार्यों का निरीक्षण कर रहे हैं जिससे अंचल के किसानों को अवर्षा के कारण हो रही विद्युतीय समस्याओं का समाधान किया जा सके। जामुलकर ने बताया कि क्षेत्र में अवर्षा के कारण कृषि पंप पर अत्याधिक लोड आ जाने के कारण बिजली व्यवधान एवं लो वोल्टेज जैसी समस्याएं आ रही थी। इसी तारतम्य में 6 अगस्त 2022 को सिमगा सबस्टेशन में 40 एमव्हीए का नया ट्रांसफार्मर चार्ज कर लिया गया है। उक्त कार्य के होने से बेमेतरा ग्रामीण, मारो, नांदघाट, रांका, नवांगढ़ एवं अंचल के किसानों एवं उपभोक्ताओं की बड़ी समस्या का समाधान हो गया है। अब उन्हें कृषि कार्य हेतु निर्बाध बिजली आपूर्ति प्रदान की जा रही है। इस कार्य के होने से बेरला क्षेत्र को भी विद्युत समस्याओं से राहत मिली है।

# रतनपुर में मोहर्रम की दसवीं तारीख को निकाली गई ताजिया

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



मोहर्रम की दसवीं तारीख को रतनपुर मुस्लिम समुदाय के द्वारा ताजिया निकाला गया ताजिया करैहापारा रतनपुर से निकलकर शहर का गस्त करते हुए बड़ी बाजार नूतन चौक पहुंचा जहां पर जियारत के लिए रखा गया था ताजिया की जियारत दर्शन करने लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। मान्यता है कि इनके दर्शन लाभ से जो भी बीमारियां होती है वह दूर हो जाती है और लोगों की किस्मत सवर जाती है कर्बला के मैदान में शहीद होने वाले इमाम हसन और हुसैन की याद में ताजिया नुमा मकबरा बनाया जाता है लोग इनकी जियारत कर अपने इमाम हसन, हुसैन की याद को ताजा करते हैं माहे मोहर्रम मुस्लिम समुदाय के लिए नया साल होता है इसकी 1 तारीख से लेकर दसवीं तारीख तक तकरीर होती है जिसमें कर्बला का जिक्र किया जाता है 10 रोज तक मुस्लिम समुदाय द्वारा आम लंगर, कुरान खानी, फाथिया, सवारिया, ताजिया इत्यादि प्रोग्राम कर अपने इमाम हुसैन की शहादत को याद करते है वक्त के साथ मोहर्रम में निकलने वाले ताजिया में कमी आई है पहले हर मोहल्ले से ताजिया निकल कर बाजार आती थी लेकिन अब यह विलुप्ती की कगार पर है, जो लोग बीमार और परेशान होते हैं वे लोग मन्नत भी रखते हैं मन्नत से बनवाया गया ताजिया को मानता वाला ताजिया भी कहा जाता हैए जिससे छोटे रूप में बनाया जाता है। वैसे रतनपुर की ताजिया का खासियत ही अलग है सलाई की लकड़ी और नक्काशी दार कागज से बनाया हुआ यह ताजिया आकर्षण का केंद्र होता है इतना खूबसूरत ताजिया और कहीं पर देखने को नहीं मिलता रतनपुर का ताजिया दूर.दूर तक मशहूर है जिसे देखने लोग बहुत दूर-दूर से आते हैं और इनकी दर्शन कर अपनी मनोकामना पूर्ण करते हैं।

# कांग्रेस की गौरव यात्रा संसदीय सचिव की अगुवाई में बेमचा से हुई शुरू

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

**आजादी के 75वीं वर्षगांठ हीरक महोत्सव पर मंगलवार से संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर की अगुवाई में ग्राम बेमचा से विधानसभा स्तरीय गौरव यात्रा का आगाज हुआ।**



मंगलवार को ग्राम पंचायत बेमचा से गौरव यात्रा की शुरूआत हुई। संसदीय सचिव व विधायक चंद्राकर ने मां खल्लारी मंदिर में पूजा-अर्चना कर यात्रा की शुरूआत की। बेमचा में पदयात्रा के बाद काफि ला परसदा ब, कौंदकेरा, बनसिवनी, जुनाडीह, सोरिद, चोरभट्ठी, गौरखेड़ा, उमरदा, मुड़मार होते पतेरापाली में समाप्त हुई। इस दौरान संसदीय सचिव चंद्राकर ने कहा कि देश को आजाद करवाने ओर तिरंगा बनाने में कांग्रेस का बहुत बड़ा योगदान रहा है। आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर कांग्रेस कार्यक्रम आयोजित कर रही है। 14 अगस्त तक गौरव पदयात्रा निकाली जाएगी। गौरव यात्रा में प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष रश्मि चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष यतेंद्र साहू, कृषि उपज मंडी अध्यक्ष हीरा बंजारे, नगरपालिका अध्यक्ष राशि महिलांग, बीज अनुसंधान समिति छग के संचालक दाउलाल चंद्राकर, ब्लॉक अध्यक्ष ढेलू निषाद, खिलावन बघेल, खिलावन साहू, राजेंद्र चंद्राकर, सरपंच संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य अमर चंद्राकर, जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री संजय शर्मा, अरूण चंद्राकर, सेवनलाल चंद्राकर, कुणाल चंद्राकर, विजय साव, जनपद सदस्य प्रतिनिधि सचिन गायकवाड़, लोकेश चंद्राकर, सुनील चंद्राकर, राजू साहू, देवेंद्र चंद्राकर, आवेज खान, ममता चंद्राकर, लता कैलाश चंद्राकर, नीतेंद्र बेनर्जी, हेमंत चंद्राकर, रेखराज पटेल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

### 12 को झालखम्हरिया से होगी गौरव यात्रा की शुरूआत

आजादी के 75वीं वर्षगांठ हीरक महोत्सव पर आयोजित गौरव यात्रा के तहत 12 अगस्त को ग्राम पंचायत झालखम्हरिया से पदयात्रा की शुरूआत होगी। गौरव यात्रा के विधानसभा प्रभारी विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने जानकारी देते हुए बताया कि 12 अगस्त को सुबह 11 बजे ग्राम पंचायत झालखम्हरिया से गौरव यात्रा निकलेगी। जो सिरगिड़ीए कोसरंगीए खट्टीए लभराकलाए परसदा खए केशवा से होते बोरियाझर में समाप्त होगी।

हिंदू सेना ने मनाया स्थापना दिवस

# सैकड़ों ग्रामीण एवं शहरी पदाधिकारियों के साथ मनाया गया स्थापना दिवस

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।



हिंदू सेना स्थापना दिवस को आज छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले के चिरमिरी बड़ा बाजार में पूरी धूमधाम के साथ मनाया गया इस हिंदू सेना स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता के जन्म दिवस के अवसर पर मनेंद्रगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक एवं भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्याम बिहारी जायसवाल के साथ जनपद पंचायत अध्यक्ष खड़गवा सोनमती उर्रे एवं नगर पालिक निगम चिरमिरी के नेता प्रतिपक्ष संतोष कुमार सिंह मौजूद रहे। आपको बता दें कि हिंदू सेना जो कि सनातन धर्म और हिंदुत्व के कार्य को लेकर समय-समय पर अपने सामाजिक और धार्मिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए सनातन धर्म को आगे बढ़ाने का कार्य करती जिसका 9 वा स्थापना दिवस आज हिंदू सेना कोरिया जिला के सभी पदाधिकारियों एवं महिला विंग की प्रदेश महामंत्री भारती सिंह के साथ सैकड़ों पदाधिकारियों के बीच पूरे धूमधाम के साथ प्रभु श्री राम जी के छायाचित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर और मुख्य अतिथियों का भगवा गमछे एवं स्वागत करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की गई इसी क्रम में स्थापना दिवस पर पत्रकारों का भी सम्मानित किया गया वही हिंदू सेना के पदाधिकारियों ने अपने उद्बोधन में सनातन धर्म की पौराणिक बातों से लेकर हिंदुत्व के और हिंदुत्व विचारधारा की बातों को आए हुए समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के बीच में जानकारी दी साथ ही हिंदुत्व की अलख को जलाने के लिए कई हिंदू सेना के कार्यकर्ताओं को पदाधिकारी के रूप में नियुक्ति दिया गया और महिला विंग की महिलाओं को भी पद का दायित्व सौंपा गया इसके साथ पूरे हर्षोल्लास के साथ हिंदू सेना स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री विष्णु गुप्ता का जन्मदिन मनाया गया।

# बिना तालाब गहरीकरण के 12 लाख स्वाह

विकास के नाम पर सरायपाली क्षेत्र में सरकारी धनराशि में आपसी बंदरबांट

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

**जिले के सरायपाली क्षेत्र में पंचायत विकास के नाम पर शासन द्वारा स्वीकृत राशि पंचायत कर्मचारियों द्वारा किस तरह बंदरबांट की जाती है, इसका ताजा उदाहरण ग्राम चारभाठा में सामने आया है।**



जहां पहाड़ी के नीचे तालाब गहरीकरण के नाम पर 14 लाख राशि स्वीकृत हुई थी, जिसमें से लगभग 12 लाख रुपए कागज में कार्य दर्शाकर फर्जी रूप से राशि आहरित की गई है। ग्रामीणों के मुताबिक इसकी शिकायत पर जांच में जनपद की टीम भी गांव पहुंची थी। शिकायत सही पाए जाने के बावजूद अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत चारभाठा को त्रिकुटी मुड़ा नया तालाब गहरीकरण कार्य के लिए 14 लाख रुपए 3 वर्ष पूर्व 2019 में स्वीकृत हुआ था, जिसमें 15 नवंबर 2021 तक कागज में कार्य दशाकर 1902 ग्रामीणों के नाम पर 11112 दिन का कार्य बताकर फर्जी तरीके से मस्टररोल भरकर 11 लाख 84 हजार 150 रुप आहरण किया गया है। ग्रमीणों ने रोजगार सहायक, सरपंच, तकनीक पर फ्जीटल भरत रानि आहरण का आरोप लगाते ह जनपद पंचायत में शिकायत की थी। राजा में जनपद से 2 अधिकारी को पहुँच स्थान पर तालाब बहराकरण करवाने का काम कर राशि आहरित की गई थी उसका मौका निरीक्षण लिंग होने क स्थान पर जाकर कार्य हुआ ही नहीं है और गांव के कोई मजदूर कार्य के लिए कभी गए ही नहीं है। निरीक्षण के बाद ग्रामीणों की उपस्थिति में पंचनामा तैयार किया गया। जिसमें उनके द्वारा दोनों पक्षों की बातों को सुनने व मौका निरीक्षण के आधार पर पाया कि रोजगार सहायक, सरपंच व तकनीकी सहायक की मिलीभगत से लाखों रुपए गबन किया गया है और मजदूरों का फर्जी मस्टररोल भरा गया है।

ग्रामीण कैलाश सिंह, सुनील पटेल, सूर्यमणि साहू आदि ने बताया कि जिस स्थान पर तालाब गहरीकरण कार्य स्वीकृत हुआ थाए वह त्रिकुटी मुड़ा के नाम से जाना जाता है। वह पहाड़ी से लगा हुआ स्थान है, जहां सिर्फ कागज में कार्य दर्शाया गया है। वहां मौके पर एक मेड़ तक नहीं है। फर्जी मस्टररोल भरकर पकड़े जाने के डर व अधिकारियों को दिखाने अन्य स्थान की मिट्टी को ट्रैक्टर में लाकर मेड़ का रूप दिया जा रहा थाए जिसका ग्रामीणों द्वारा विरोध करने पर कार्य को रोक दिया गया। अगर इस मामले में प्रशासनिक अधिकारी गंभीरता नहीं दिखाते हैं तो ग्रामीणों ने एसडीएम कार्यालय का घेराव करने की भी बात कही है।

## एक नजर

### जिले में वजन त्यौहार के अवसर पर आंगनबाड़ी केन्द्रों में 0 से 6 वर्ष के बच्चों का लिया जा रहा वजन

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।



जिले में 1 अगस्त से वजन त्यौहार मनाया जा रहा हैए जो 13 अगस्त तक चलेगा। आंगनबाड़ी केन्द्रों में 0 से 6 वर्ष के बच्चों का वजन लिया जा रहा है और उनके ऊंचाई की माप की जा रही है। जनसामान्य को सुपोषण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने सभी अभिभावकों से अपने 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों का वजन कराने के लिए आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि बच्चे के अच्छे विकास एवं स्वास्थ्य के लिए पौष्टिक आहार जरूरी है। सामुदायिक सहभागिता से सुपोषण के प्रति जागरूकता लाते हुए कार्य करने की जरूरत है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ने बताया कि जिले में उत्साहपूर्वक वजन त्यौहार मनाया जा रहा है। आंगनबाड़ियों में सभी बच्चों का वजन लिया जा रहा है एवं ऊंचाई माप किया जा रहा है। वजन त्योहार के अंतर्गत 1 अगस्त से 9 अगस्त तक 965 आंगनबाड़ियों में 36 हजार 700 से ज्यादा बालक बालिकाओं के वजन लिए गए हैं। वजन त्योहार के अंतर्गत कुपोषण के प्रति जनसमुदाय को जागरूक करने, प्रत्येक परिवार को उनके बच्चों की सही पोषण की स्थिति से अवगत करानेए कुपोषण की सही स्थिति आनलाईन साफ्टवेयर में जानकारी प्रविष्टि कराकर ग्राम पंचायतवारए विकासखण्ड वार कुपोषण की आंकलन कराने के उद्देश्य से वजन त्योहार आयोजित किए जाते हैं।

### टकराकर बाइक सवार बांगो बटालियन के जवान की मौत

**कोरबा** । मंगलवार को भुलसीडीह बेरियर के पास तेज रफ्तार बाइक एक कार से जा टकराई। इसमें बांगो बटालियन के एक जवान की मौत हो गई। हादसे में बाइक पर सवार दो युवकों को गंभीर चोटें आई। घायलों को डायल 112 की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। परीक्षण कर चिकित्सक ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। मरने वाले की पहचान केशव नेताम से की गई है। वह 13 वीं बांगो बटालियन का जवान था। वर्तमान में केशव की तैनाती कोरबा पुलिस लाइन में थी। वह पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर के फालोगार्ड में चलता था। कांकेर जिले का मूल निवासी था। घायल युवक का नाम मनीष बंजारे बताया गया है। मनीष भी बांगो बटालियन का जवान है। कोरबा पुलिस लाइन में दोनों एक साथ रहकर ड्यूटी करते थे।

हादसे के संबंध में बताया जाता है कि दोनों जवान एक बाइक से रिसदी होकर कोरकोमा की ओर जा रहे थे। भुलसीडीह बेरियर के पास बाइक के सामने एक स्वीफ्ट कार चल रही थी। जवानों ने कार को ओवरटेक कर आगे निकलने का प्रयास किया। इस बीच संतुलन बिगड़ गया। जवानों की बाइक पीछे से कार से टकरा गई। दोनों उछलकर सड़क पर गिरे और दोनों को गंभीर चोटें आई। परीक्षण कर चिकित्सक ने केशव को मृत घोषित कर दिया। जबकि मनीष का इलाज जारी है।

### ट्रेन से चपेट में आने से वृद्धा की मौत

**कोरबा** । उरगा थाना अंतर्गत कोथारी स्टेशन के पास रीवापार समीप सुबह के वक्त ट्रेन की चपेट में आने से एक वृद्ध महिला की मौत हो गई। सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई। बाद में महिला का शिनाख्त रीवापार निवासी 80 वर्षीय टिकैतिन बाई कंवर के रूप में हुई। स्टेशन मास्टर ने आरपीएफ व उरगा थाना पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची उरगा पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### श्रमिक बस्तियों में मिल रहे टीबी के औसनत 110 मरीज

**कोरबा** । जिले में टीबी मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। वर्ष 2022 में जनवरी से जुलाई 1041 मरीज चिन्हित किए जा चुके हैं। औसतन प्रतिमाह 110 मरीज चिन्हांकित हो रहे। कोरोना काल में स्वास्थ्य विभाग का ध्यान केवल कोविड मरीजों पर केंद्रित रहा। इस दौरान टीबी उन्मूलन के लिए किए जाने वाले प्रचार-प्रसार बंद रही। इसका असर टीबी क्षय रोग के लक्षण वाले मरीजों पर पड़ा। समय पर उचित इलाज नहीं मिल सका और अब लगातार मरीज सामने आ रहे हैं।

# बेलसोंडा के गौठान में भूख से 4 गायों की मौत, भूपेश सरकार की योजना पर उठे सवाल

## चारें के लिए की जा चुकी राशि आहरित

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

राज्य में पूर्ववर्ती भाजपा शासनकाल के दौरान गौशालाओं में गायों की मौत पर जिस तरह पूरे प्रदेश में बवाल मचा। अब उसी तर्ज पर भूपेश सरकार की गौंठान योजना भी दम तोड़ती नजर आ रही है।





जिला मुख्यालय से मात्र 7 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत बेलसोंडा में कुप्रबंधन का खामियाजा निर्दोष गायों को भुगतना पड़ रहा है, यहां पर 4 गायों के चारे के अभाव में भूख से मर जाने की घटना की खबर है। ग्राम बेलसोंडा निवासी सूर्य कुमार चंद्राकर बताया है कि पंचायत द्वारा गौठान मे मवेशियों के चारा प्रबंधन के नाम पर पिछले महीने में ही राशि आहरित की जा चुकी है और गायों को भूखा रहना पड़ रहा है। गौठान में जहां पर रात में गायों को रखा जाता है वहां और पूरे गौठान क्षेत्र में घुटनों के ऊपर तक पानी भर जाने से गायों के बैठने तक की जगह नहीं है। यहां पर चरवाहे के लिए नियत स्थान पर पानी भर जाने से चरवाहे को होने वाली समस्या को समझा जा सकता हैं। सुनील कुमार चंद्राकर ने कहा कि पंचायत के सरपंच को गायों के मरने की सूचना देने के बाद भी वह 10 बजे तक नहीं पहुंची। सूर्य कुमार चंद्राकर ने गायों की मौत के मामले में जांच की मांग करते हुए कहा है कि जो भी इसके लिए जिम्मेदार उसके ऊपर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

## कलेक्टर ने किया बेरला में सभा स्थल एवं हेलीपेड का मुआयना

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के 12 अगस्त 2022 को प्रस्तावित बेरला प्रवास को लेकर कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला एवं पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने बुधवार को बेरला में सभा स्थल एवं हेलीपेड का मौका मुआयना किया। एस पी ने सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। कलेक्टर ने आमसभा स्थल में आमजनों के लिए बैठक व्यवस्था, पेयजल, छाया के लिए वाटर फ्रुफ पंडाल, बैरीकेट्स, मंच, पार्किंग, सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर विधायक बेमेतरा आशीष कुमार छाबड़ा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बेमेतरा लीना मण्डावी, अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, अनुविभागीय अधिकरी राजस्व बेरला संदीप ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर विश्वास राव म्हस्के, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, कार्यपालन अभियंता छग राज्य विद्युत वितरण कम्पनी साजा दिलीप कुमार रात्रे, तहसीलदार बेरला मनोज कुमार गुप्ता, अतिरिक्त सीईओ आलोक कुमार सातपुते सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## छ.ग. स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ की बैठक में संगठन की मजबूती पर हुई चर्चा

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



छत्तीसगढ़ स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ की बैठक में नगर पालिका परिषद कर्मचारी हुये शामिल। कर्मचारियों ने बैठक में मांगों को शासन को अवगत कराने 12 बिंदुओं के एक पत्र संगठन के पदाधिकारियों को सौंपा है। छत्तीसगढ़ स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ के दुर्ग में आयोजित बैठक में महासमुंद जिले की ओर से प्रतिनिधित्व करते हुए संघ के जिला अध्यक्ष सुरेश तिवारी, उपाध्यक्ष जय किशन सोनी, प्रवक्ता ललित साहू, कोषाध्यक्ष गुमान सिंह ध्रुव, कृष्ण कुमार वैष्णव, शुभम सोना और जितेंद्र महंती शामिल हुए। बैठक में संगठन की मजबूती और सदस्यता अभियान के रूप में चलाने का निर्णय लिया गया। सातवें वेतनमान के 27 माह का एरियस सहित विभिन्न मार्गों को लेकर एक पत्र सौंपा है इसके अलावा संघ के प्रतिनिधियों ने नगर निगमए नगर पालिका तथा नगर पंचायत को शासकीय कर्मचारी घोषित किए जाने की मांग रखी इसके अलावा कोषालय के माध्यम से इन कर्मचारियों को ई पेमेंट के जरिए वेतन भुगतान की मांग रखी है। संघ के प्रतिनिधियों ने छठवें वेतनमान का एरियस, समय वेतनमान कर्मचारियों की अनुकंपा नियुक्ति एवं सेवा निर्मित कर्मचारियों की लंबित पेंशन में सीनियरटी के आधार पर भुगतान व नियुक्ति दी जाए। पदाधिकारियों ने कहां की समय पर वेतन का भुगतान नहीं मिल पाता जबकि शासन के आदेशानुसार 7 तारीख तक वेतन का भुगतान किया जाना चाहिए। वही समय पर वेतन न मिलने से मोबाइल रिचार्ज नहीं हो पाता और इन दिनों सभी प्रक्रिया ऑनलाइन हो रही है इसलिए मोबाइल भत्ता भी दिए जाने की मांग रखी है। इसके अलावा बैठक में छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन द्वारा 22 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल को सशर्त समर्थन देने पर चर्चा की।

## आमजनों को नेशनल लोक अदालत एवं विधिक सेवा की दी गई जानकारी

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।




अध्यक्ष जिला एवं सत्र न्यायाधीश जयदीप विजय निमोणकर के निर्देशन में प्राधिकरण के पैरालीगल वालिंटियर्स कु. प्राची तिवारी, सुश्री सोनिया सिंह, श्रीमती नेमेश्वरी सेन, नागेश सिन्हा द्वारा ग्राम कारेसरा चौक, बैजी, लोलेसरा, ओटेबंद, कंतेली, सिंघौरी, रायपुर रोड बेमेतरा, घड़ी चौक बेमेतरा, गस्ती चौक बेमेतरा, मोहभट्ठा रोड बेमेतरा में 13 अगस्त को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के बारे में जानकारी देते हुये लोगों को बताया कि यदि उनके या उनके किसी मित्र, परिजन का कोई राजीनामा योग्य मामला लंबित हो तो संबंधित न्यायालय या संस्था में संपर्क कर ऐसे मामलों को उभयपक्ष की सहमति से राजीनामा के आधार पर निराकृत करा सकते है, उन्हें बताया गया कि लोक अदालत में निराकृत मामलों के निर्णय अंतिम होते है, उसकी कोई अपील नहीं होती है, न्याय शुल्क यदि लगा हो तो वापस हो जाते हैए ऐसे मामलों में उभयपक्ष के मध्य सद्भाव व प्रेम बना रहता है। साथ ही महिलाओं के संबंध में महत्वपूर्ण कानूनी अधिकार, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधान, वाहन चालान संबंधी महत्वपूर्ण कानून, नालसा की दस योजनायें, घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलओं के लिये संचालित हमर अंगना योजना, लोक अदालतों की प्रक्रिया एवं उसके लाभ निःशुल्क विधिक सलाह एवं सहायता हेतु प्राधिकरण का टोल फ्री नंबर 15100, वरिष्ठ नागरिकों की सहायता एवं सहयोग हेतु समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित नेशनल हेल्पलाईन सेंटर का टोल फ्री नंबर 14567 के संबंध में जानकारी दी गई।

## स्वतंत्रता सप्ताह के दौरान हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने कलेक्टर ने की जिलेवासियों से अपील

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

स्वतंत्रता सप्ताह 11 से 17 अगस्त 2022 के दौरान हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला ने जिलेवासियों से अपने अपने घरों में तिरंगा झंडा लगाकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील किए है।



13 से 15 अगस्त 2022 को समस्त शासकीय कार्यालयों, सार्वजनिक उपक्रमों, सामाजिक संगठनों एवं सर्वसाधारण जन के निवास स्थानों पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे का ध्वजारोहण किया जायेगा। शासकीय विभाग छत्तीसगढ़ खादी एवं ग्रामोद्योग तथा हाथकरघा संघ से तिरंगा क्रय किया जा सकता है। कार्पोरेट और निजी संगठनों के सीएसआर मद से योगदान लेकर इस कार्यक्रम का सफल क्रियान्वयन किया जा सकता है। जिलों के स्थानीय स्व सहायता समूहों के स्थानीय दर्जियों के माध्यम से तिरंगा निर्माण करने से रोजगार के अवसर प्रदान होंगे। पैम्पलेट, बैनर एवं संचार माध्यमों से इस कार्यक्रम को सफल बनाने का प्रयास किया जाना है। जिलों में झंडे के वितरण बिक्री केन्द्र के रूप में उचित मूल्य की दुकान को स्थापित करना है। गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय ध्वज आंशिक संशोधन करते हुए खादी के अतिरिक्त संहिता 1971 में हाथ कता हुआ, हाथ से बुना हुआ या मशीन द्वारा निर्मित सूती, पॉलियेस्टर ऊन रेशम से बने हुए ध्वज का भी उपयोग किया जा सकता है। ध्वज के आकार के बंधन को भी संशोधित किया गया है तथा अब किसी भी आकार का ध्वज निर्माण किया जा सकता है। केवल यह सुनिश्चित करना होगा कि लंबाई और ऊंचाई का अनुपात 3/ 2 रखा जाए। ग्राम पंचायतों द्वारा बड़े पैमाने पर समूह में खरीद को प्रोत्साहित किया जाना सुनिश्चित किया जाना है तथा जिले में पंचायत विभाग नोडल विभाग के रूप में कार्य करेगा। इस सम्बंध में भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा नए निर्देश जारी किए गए है। जिसमे कहा गया है कि जहां झंडे का प्रदर्शन खुले में किया जाता है या जनता के किसी व्यक्ति द्वारा घर पर प्रदर्शन किया जाता है वहां उसे दिन एवं रात में फ हराया जा सकता है।

## विद्यालय की यह सोच विद्यार्थियों में देश भक्ति की भावना को मजबूती प्रदान करेगा-आर पी आदित्य

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

मां भारती की प्रतिमा विद्यालय प्रांगण में जिस भव्यता के साथ स्थापित किया गया है निश्चित रूप से इससे विद्यार्थियों, शिक्षकों और अन्य लोगों में भी देश प्रेम की भावना को मजबूती मिलेगी।



यह उदगार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटाईपाली सी में आयोजित मां भारती की प्रतिमा अनावरण एवं सम्मान सह विदाई समारोह के मुख्य अतिथि की आसंदी से जिला शिक्षा अधिकारी आरपी आदित्य ने कहा। आगे उन्होंने कहा की आपने अपने दायित्वों का भली भांति निर्वहन करना, एक दूसरे के प्रति सहयोगात्मक भाव रखना, देश की संपत्ति की रक्षा करना, देश को आगे बढ़ाने के लिए काम करना भी देश भक्ति है। इस लिए हमें जो भी काम दिया जाता है उसे अच्छी तरह से करना चाहिए। आगे उन्होंने पूर्व जिला मिशन समन्वयक रमेश कुमार देवांगन के कर्मठता को रेखांकित करते हुए कहा कि सेवानिवृत्ति के दिन भी रात तक कार्यालय में बैठ कर काम करते रहे यह सोच देवांगन के काम के प्रति समर्पण को इंगित करता है। रमेश कुमार देवांगन पूर्व जिला मिशन समन्वयक ने समरोह को संबोधित करते हुए कहा कि यह विद्यालय अपने आप में एक अनूठा विद्यालय है इस विद्यालय में भारत माता की भव्य प्रतिमा की स्थापना करना और बच्चों के अंदर की लगनशीलता इस बात को चरितार्थ करता है। इस अवसर पर विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी धर्मजयगढ़ एसआर सिदार भी समारोह को संबोधित करते हुए विद्यालय की तुलना प्राइवेट स्कूल से की। आचार्य कर्मवीर शास्त्री द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन कर भारत माता प्रतिमा का जिला शिक्षा अधिकारी आरपी आदित्य एवं आरके देवांगन के कर कमलों से अनावरण कराया गया। विद्यालय के बच्चे भारत माता की जय के गगन भेदी नारे लगाते रहे। संस्था के प्रभारी प्राचार्य राजीव गुप्ता ने कार्यक्रम का सफ्ल संचालन करते हुए सभी आगंतुक अथितियों एवम गणमान्य जनों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर शालेय समिति के पदाधिकारी गण अन्य विद्यालयों के प्राचार्य, व्याख्याता, प्रधान पाठक एवं शिक्षक साथी उपस्थित थे।

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी चंदन यादव ने महामाया मंदिर दर्शन की

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



छत्तीसगढ़ प्रदेश में चल रहे पद यात्रा में दोनसागर से चपोरा के यात्रा के दौरान के पूर्व छत्तीसगढ़ प्रभारी चंदन यादव ने महामाया मंदिर दर्शन कर प्रदेश की खुशहाली की कामना करते हुए पद यात्रा के लिए रवाना हुए जिसमे अकलतरा पूर्व विधायक एवं वर्तमान बिलासपुर जिला प्रभारी चुन्नी लाल साहू, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय केशरवानी भी दर्शन किये। एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रतनपुर के ब्लॉक अध्यक्ष रमेश सूर्या के नेतृत्व में महामाया चौक में स्वागत किया गया जिसमें उपाध्यक्ष इलियाश कुरैशी, महामंत्री जमुना माथुर, मोहर खान, इसहाक बेग मुन्ना, दामोदर सिंह छत्रिय, प्रवक्ता मिर्ज़ा दिलशाद बेग, राजा रावत, रवि रावत, निरंजन ठाकुर, रामसरण कौसिक, शैल जायसवाल, यमुना बैसवाड़े, सुकृति सूर्या, भूपेंद्र कौसिक सहित सैकड़ों कांग्रेसी मौजूद रहे।

### जिले में अब तक 845 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**धमतरी** । जिले में एक जून से अब तक 845.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू अभिलेख शाखा से मिली जानकारी के मुताबिक जहां सबसे अधिक नगरी तहसील में 987.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है, वहीं कुरूद तहसील में सबसे कम 640.2 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई है। इसी तरह धमतरी तहसील में 980.6 मिलीमीटर, कुकरेल में 967.2 मिलीमीटर, मगरलोड में 829.8 मिलीमीटर और भखारा तहसील में 670 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में आज की औसत वर्षा 70.3 मिलीमीटर दर्ज की गई है। आज सबसे अधिक भखारा तहसील में 106 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई, वहीं सबसे कम कुकरेल तहसील में 46.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। इसी तरह धमतरी तहसील में 89.6 मिलीमीटर, कुरूद में 66 मिलीमीटर, मगरलोड में 64.4 मिलीमीटर और नगरी तहसील में आज 49.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### आरोपियों को पीसीसी अध्यक्ष द्वारा छुड़ाने का प्रयास भ्रष्टाचार के समर्थन को दर्शाता है - केदार कश्यप

**जगदलपुर** । जिले के थाना कोतवाली पुलिस ने भ्रष्टाचार के मामले में पूर्व बीईओ संदीप श्रीवास्तव एवं अवधेश पांडे की गिरफ्तारी मामले में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम के हस्तक्षेप की भाजपा के पूर्व मंत्री व प्रदेश प्रवक्ता केदार कश्यप ने निंदा की है। श्री कश्यप ने कहा कि भ्रष्टाचार के आरोपियों के लिए पीसीसी अध्यक्ष का थाने पहुंचकर छुड़ाने के लिए दबाव डालना यह दर्शाता है कि इनके भ्रष्टाचार को पीसीसी अध्यक्ष का समर्थन है। दोनों आरोपियों में से एक विधायक मरकाम के प्रतिनिधि का भाई भी है।

### आरक्षक की हत्या, अपहरण आगजनी में शामिल नक्सली गिरफ्तार

**बीजापुर** । जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत केरिपु 170/ए कंपनी का बल एरिया डॉमिनेशन पर मोदकपाल जब्बेपारा की ओर निकली थी, अभियान के दौरान जब्बेपारा से 01 नक्सली जनताना सरकार अध्यक्ष राममूर्ति मिच्चा पिता किट्टा उर्फ किष्टैया उम्र 30 वर्ष जाति मुरिया निवासी स्कूलपारा कोरंजेड़ थाना मद्देड़ को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार नक्सली के विरूद्ध थाना तोयनार में कार्यवाही उपरान्त न्यायालय बीजापुर में पेश किया गया।

गिरफ्तार नक्सली राममूर्ति मिच्चा थाना तोयनार क्षेत्रान्तर्गत 04 फरवरी 2018 को सहायक आरक्षक सीताराम बाकड़े की हत्या एवं यात्री बस की आगजनी की घटना में शामिल था, 18 जून 2018 को कचलारम के जंगलों मे हुई मुठभेड़ में शामिल था 30 सितंबर 2019 को दुपेली मातलापारा निवासी रामलू माडवी का अपहरण कर हत्या करने की घटना में शामिल था। उक्त के विरूद्ध थाना तोयनार में 03 स्थाई वारंट भी लंबित है। राकेश पांडे

### 1 जून से अब तक जिले में 952.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**कांकेर** । चालू मानसून के दौरान कांकेर जिले में 01 जून से अब तक 952.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीती रात से जिले के सभी तहसीलों में व्यापक वर्षा दर्ज की गई। सर्वाधिक वर्षा पखांजूर तहसील में 87.9 मिली मीटर और सबसे कम वर्षा 28.1 मिली मीटर नरहरपुर तहसील में दर्ज की गई है। कलेक्टर कार्यालय के भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज 10 अगस्त की स्थिति में कांकेर में 51.3 मिली मीटर, भानुप्रतापपुर में 73 मिली मीटर, दुर्गूकोंदल 66.1 मिली मीटर, चारामा में 68.1 मिली मीटर और अंतागढ़ में 75.7 मिली मीटर औसत वर्षा अब तक दर्ज की गई है।

जोहार छत्तीसगढ़

धरमजयगढ़, गुरुवार 11 अगस्त 2022



# बालिका वधू की आनंदी होतीं जा रही हैं बोल्ड

टीवी एक्ट्रेस अविका गौर एक्टिंग जगत का जाना-माना नाम है. अविका ने अपने करियर की शुरुआत सीरियल बालिका वधू से की थी. सीरियल में उनके आनंदी के किरदार को काफी पसंद किया गया है. आज भी उन्हें घर-घर आनंदी के नाम से जाना जाता है. इसके अविका कई सीरियल और साउथ फिल्मों में काम कर चुकी हैं।

बता दें कि इन दिनों अविका गौर सोशल मीडिया पर अपनी बोल्ड फोटो और तस्वीरें शेयर कर रही हैं. आइए देखते है एक्ट्रेस बोल्ड अविका गौर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. इंस्टाग्राम पर अपनी खूबसूरत फोटो और वीडियो शेयर करती रहती हैं. बता दें कि एक्ट्रेस इन दिनों मालदीव वेकेशन की फोटो और वीडियो शेयर कर रही हैं. हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट फोटो शेयर की हैं. इस फोटो में अविका गौर व्हाइट बॉडीकॉन ड्रेस पहने नजर आ रही हैं. इस व्हाइट ड्रेस में अविका बेहद खूबसूत लग रही हैं. सोशल मीडिया पर उनके इस सिजलिंग अवतार ने तहलका मचा दिया है. लाइट मेकअप और पोनीटेल में एक्ट्रेस बेहद स्टनिंग लग रही हैं. अविका गौर ने इंस्टाग्राम पर कुछ दिन पहले बिकिनी में अपना बोल्ड लुक शेयर कर चुकी हैं. अविका गौर इन दिनों मालदीव वेकेशन हॉलीडे एंजॉय कर रही हैं. इस दौरान एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर अपना बोल्ड वीडियो शेयर किया है. वीडियो में अविका गौर डिफरेंट आउटफिट्स में नजर आ रही हैं. इस दौरान एक्ट्रेस बिकिनी में भी नजर आई है. अविका गौर के एक्टिंग वर्क की बात करें तो उन्होंने अपने करियर की शुरुआत सीरियल बालिक वधू से की थी. इसके बाद वह सीरियल ससुराल सिमर का और लाडो में नजर आएंगी. सीरियल के अलावा एक्ट्रेस साउथ फिल्मों में भी नजर आ चुकी हैं.

# तेनु दिल विच रखा गाना आपको खास व्यक्ति की याद दिलाकर चेहरे पर लाएगा मुस्कानः काव्या थापर

कई तमिल और तेलुगु फिल्मों में अभिनय कर चुकी काव्या ने अपने पिछले गीत की प्रतिक्रिया पर टिप्पणी करते हुए कहा, मुझे अपने पिछले गीत बारिश के दिन के लिए इतने प्यार की उम्मीद नहीं थी, लेकिन हमें जो प्यार मिला वह वास्तव में अभूतपूर्व है, और मैं इसके लिए अपने सभी प्रशंसकों का शुक्रिया अदा करना चाहती हूं।

बारिश के दिन गाने को भारी सफलता मिलने के बाद, दर्शक इस नए ऑन-स्क्रीन जोड़े काव्या थापर और पारस अरोड़ा की प्रशंसा करना बंद नहीं कर पा रहे है, जिन्हें अब गाने में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के कारण बहुत ही ज़्यादा प्यार मिल रहा है। अब वे तेनु दिल विच रखन के साथ वापस आ गए हैं, जो एक रोमांटिक प्रेम कहानी के साथ वर्ष का सबसे भावपूर्ण प्रेम गीत बन रहा हे। कई तमिल और तेलुगु फिल्मों में अभिनय कर चुकी काव्या ने अपने पिछले गीत की प्रतिक्रिया पर टिप्पणी करते हुए कहा, मुझे अपने पिछले गीत बारिश के दिन के लिए इतने प्यार की उम्मीद नहीं थी, लेकिन हमें जो प्यार मिला वह वास्तव में अभूतपूर्व है, और मैं इसके लिए अपने सभी प्रशंसकों का शुक्रिया अदा करना चाहती हूं।

अपने गीत तेनु दिल विच रखा के बारे में बात करते हुए अभिनेत्री कहती हैं, यह गीत एक बहुत ही मज़ेदार गीत है जो आपको बस इसके प्यार में डूबा देगा। यह प्यार और रोमांस के जादू और उनके मज़ेदार पलों के बारे में है। मे उन सब का शुक्रिया अदा करना चाहती हु जिन्होंने इस गाने को इतना प्यार दिया की कुछ ही घंटो में 2 मिलियन से अधिक व्यूज हो गए हे। मुझे बहोत जनो की प्रतिक्रिया आ रही हे की उन्हें गाना बहोत ही ज्यादा पसंद आ रहा हे और में आपको दावा कर सकती हु की यह गाना सुनते ही आपके चेहरे पर मुस्कान आ जाएगी आपके किसी खास व्यक्ति की याद दिलाएगी। इस मधुर गीत के लिए भावपूर्ण आवाजें राज बर्मन और सखी होल्कर ने दी हैं।



# लोगों को लगा कि मैं नकारात्मक किरदार नहीं निभा सकती: स्नेहा वाघ



टीवी अभिनेत्री स्नेहा वाघ फिलहाल टीवी शो ना उम्र की सीमा हो में पहली बार नकारात्मक भूमिका निभाती नजर आ रही हैं। एक वीर की अरदास..वीरा की अभिनेत्री को उनकी चुलबुली और आशावादी भूमिकाओं के लिए जाना जाता है, लेकिन रूढ़िवादिता को तोड़ते हुए, उन्होंने एक अलग चरित्र तलाशने का फैसला किया। वह कहती है, मैंने कई भूमिकाएं खो दीं क्योंकि लोगों को लगता था कि मैं एक नकारात्मक चरित्र नहीं निभा सकती क्योंकि उन्हें मेरे लुक से नकारात्मक एहसास नहीं मिलता था। अपनी भूमिका के बारे में अधिक बात करते हुए, वह आगे कहती हैं, अंबा एक चुनौतीपूर्ण चरित्र है क्योंकि मैंने पहले कभी ऐसा कुछ नहीं किया है। ना उम्र की सीमा हो में काम करना अच्छा है। मैं नकारात्मक भूमिका निभाने के लिए नर्वस होने के साथ-साथ उत्साहित भी हूं। शो में इकबाल खान और रचना मिस्त्री भी हैं। यह स्टार भारत पर प्रसारित होता है।



# झलक दिखला जा 10 में नजर आएंगी केकेके स्टार अमृता खानविलकर

खतरों के खिलाड़ी 10 फेम अमृता खानविलकर ने डांस रियलिटी शो झलक दिखला जा 10 में भाग लेने की पुष्टि की है। उन्होंने कहा, मैं डांस रियलिटी शो झलक दिखला जा के 10वें सीजन का हिस्सा बनकर बेहद उत्साहित हूं क्योंकि यह हमेशा मेरी बकेट लिस्ट में था। मुझे डांस करना पसंद है।

अभिनेत्री ने कहा कि, वह शो में शामिल होने को लेकर विशेष रूप से उत्साहित हैं क्योंकि इसे फिल्म निर्माता करण जौहर, बॉलीवुड सुपरस्टार माधुरी दीक्षित और अभिनेत्री, डांसर और मॉडल नोरा फतेही जज करेंगे। अमृता ने कहा, अपने सबसे पसंदीदा अभिनेता और आइकन माधुरी दीक्षित के सामने प्रदर्शन करना एक अलग तरह का अनुभव होने वाला है। झलक दिखला जा 10 जल्द ही कलर्स पर प्रसारित होगा।

## खेल

चेस ओलिंपियाड में भारत को डबल ब्रॉन्ज

# विमेंस ने पहली और मेंस ने दूसरी बार जीते, उज्बेकिस्तान ने गोल्ड जीता

**चेन्नई।** शतरंज का ओलिंपिक कहे जाने वाले चेस ओलिंपियाड में भारतीय खिलाड़ियों ने डबल ब्रॉन्ज जीते हैं। मंगलवार को विमेंस और मेंस टीमें तीसरे स्थान पर रहीं। भारत को आठ साल बाद इस टूर्नामेंट में मेडल मिला है। 2018 के सीजन में भारतीय खिलाड़ी जॉर्जिया से खाली हाथ लौटे थे। चेन्नई में आयोजित चेस के महाकुंभ में भारत-बी टीम ने ओपन वर्ग में ब्रॉन्ज जीता, जबकि विमेंस कैटेगरी में भारत-ए टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया। भारत-बी ने जर्मनी को 3-1 से हराते हुए तीसरा स्थान पक्का कर लिया। इंडिया-ए 11वें राउंड में हार गई। भारत ने 2014 में मेंस कैटेगरी का मेडल जीता था। 98 साल के चेस ओलिंपियाड के इतिहास में भारत ने पहली बार इन गेम्स की मेजबानी की है।




यहां उज्बेकिस्तान ने सभी को हैरान करते हुए गोल्ड जीता। उसने नीदरलैंड को 2-1 से हराया। आर्मेनिया की टीम ओपन वर्ग के दूसरे नंबर पर रही। उसने अपने अंतिम दौर के मुकाबले में स्पेन को 2.5-1.5 से हराया। उज्बेकिस्तान की टीम 11वें राउंड में अजेय रही और उसने 19 मैच अंक हासिल किए। भारत बी टीम 18 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रही।

### 11वें दौर में हारी महिला ए टीम

टॉप सीड इंडिया ए को विमेंस कैटेगरी के 11वें राउंड में अमेरिका के खिलाफ पराजय झेलनी पड़ी। इस कारण उसका गोल्ड छिटक गया और भारतीय टीम तीसरे स्थान पर रही। इस मुकाबले में कोनरू हंपी और आर वैशाली ने ड्रॉ खेले। तानिया-भक्ति की हार से गोल्ड की उम्मीदों को झटका लगा।

### भारत-बी टीम ने जर्मनी को 3-1 से हराया

युवा भारतीय-बी टीम ने जर्मनी को 3-1 से हराकर देश को दूसरा कांस्य पदक दिलाया। इंडिया-बी में डी. गुकेश शुरुआत से आगे थे।

# कप्तानी का मौक़ा मिला तो ख़ुशी से लेना चाहूंगा : हार्दिक




**लॉडरहिल ।** हार्दिक पांड्या ने कप्तानी में यादगार शुरुआत की है। आईपीएल में उन्होंने गुजरात टाइटंस को पहले ही सीज़न में ख़िताब जिताया और अब भारत की टी20 टीम के साथ तीन मैचों में अपनी तीसरी जीत हासिल की। हार्दिक का कहना है वह भविष्य में स्थायी कप्तानी के लिए तैयार होंगे। फ़्लोरिडा में भारत के वेस्टइंडीज़ पर 4-1 की सीरीज़ जीत के बाद उन्होंने कहा, क्यों नहीं, अगर मुझे कप्तानी का मौक़ा मिलेगा तो मैं इसे ख़ुशी से लेना चाहूंगा। फ़िलहाल हमें एशिया कप पर ध्यान देना है। हम उसी पर फ़ोकस करना चाहते हैं। बतौर टीम हमारी यही कोशिश रहती है कि हम निरंतर सुधार भी करें और खेल का आनंद भी लेते रहें। पांचवें टी20 में नियमित कप्तान रोहित शर्मा सहित कई खिलाड़ियों को आराम दिया गया था और इसके बावजूद भारत ने मैच 88 रनों से जीता।

# इस बार रक्षाबंधन को लेकर क्यों है भ्रम की स्थिति ? जानिए 10 कारण

**रक्षाबंधन पर्व ।** हिंदू पंचांग के अनुसार सावन पूर्णिमा तिथि पर रक्षाबंधन का त्योहार मनाया जाता है। इस दिन बहनें अपने सभी भाईयों की कलाई पर रक्षासूत्र बांधती हैं। रक्षाबंधन के त्योहार को राखी के नाम भी जाना जाता है। इस बार राखी के पर्व को लेकर कुछ संशय की स्थिति पैदा हो गई। दरअसल रक्षाबंधन का त्योहार सावन पूर्णिमा तिथि और भद्रा रहित काल में मनाने की प्रथा है। अगर रक्षाबंधन के दिन भद्रा लगी हुई होती है इसमें राखी बांधना अशुभ होता है। इसके अलावा सावन पूर्णिमा तिथि दो दिन यानी 11 और 12 अगस्त को है जिसके चलते राखी को लेकर भ्रम की स्थिति पैदा हो गई है। पंडित और ज्योतिष के कुछ विद्वान 11 तो कुछ 12 अगस्त को मनाने की सलाह दे रहे हैं। ऐसे में आइए जानते हैं इस वर्ष रक्षाबंधन की खास बातें और कब मनाएं रक्षाबंधन का पवित्र त्योहार...



### रक्षाबंधन 2022 की खास बातें

1- इस बार रक्षाबंधन की तिथि दो दिन रहेगी। 11 अगस्त को सुबह 10 बजकर 38 मिनट से पूर्णिमा तिथि प्रारंभ हो जाएगी। 12 अगस्त को सुबह 7 बजकर 5 मिनट पर पूर्णिमा तिथि समाप्त हो जाएगी।

2- हिंदू पंचांग के अनुसार रक्षाबंधन का पवित्र त्योहार हमेशा सावन पूर्णिमा तिथि और सावन नक्षत्र में मनाया जाता है। ऐसे में 11 अगस्त को सुबह 6 बजकर 53 मिनट से श्रावण नक्षत्र प्रारंभ हो जाएगा और पूर्णिमा तिथि सुबह 10 बजकर 38 मिनट से शुरू हो जाएगी।

3- इस बार रक्षाबंधन के दिन यानी 11 अगस्त 2022 को सुबह से ही भद्रा काल शुरू हो जाएगी जो शाम तक रहेगी। शास्त्रों के अनुसार भद्रा और राहुकाल के दौरान किसी भी तरह का शुभ और मांगलिक कार्य नहीं किया जाता है।

4- 11 अगस्त को भद्रा पूरे दिन रहेगी। लेकिन अलग-अलग पंचांगों में भद्रा का समय भिन्न रह सकता है। कुछ पंचांगों में भद्रा सुबह 10 बजकर 38 मिनट से लेकर रात के 08 बजकर 50 मिनट तक रहेगी।

5- शास्त्रों में राहुकाल को भी अशुभ माना गया है। 11 अगस्त को राहुकाल दोपहर 01 बजकर 41 मिनट से लेकर 03 बजकर 19 मिनट तक रहेगा।

6- 11 अगस्त को भद्रा पूंछ का समय शाम 05 बजकर 17 मिनट से लेकर 06 बजकर 18 मिनट तक रहेगी। वहीं भद्रा मुख का समय शाम 06 बजकर 18 मिनट से लेकर रात 08 बजे तक है।

7- 11 अगस्त को प्रदोषकाल में रक्षासूत्र बांधा जा सकता है। इस दौरान प्रदोष काल भद्रा पूंछ शाम 05 बजकर 18 मिनट से 06 बजकर 18 मिनट तक रहेगी। इसके अलावा 11 अगस्त को भद्रा की समाप्ति होने पर यानी रात 08 बजकर 52 मिनट से लेकर 09 बजकर 13 मिनट के बीच राखी बांधी जा सकती है।

8- कुछ ज्योतिषाचार्य और विद्वान पंडित के अनुसार सूर्यास्त के बाद राखी नहीं बांधी जा सकती है। ऐसे में राखी का त्योहार 12 अगस्त को मनाने की सलाह दे रहे हैं।

9- शास्त्रों के अनुसार रक्षाबंधन का त्योहार पूर्णिमा तिथि और श्रावण नक्षत्र लगने पर ही मनाया जाता है। ऐसे में पूर्णिमा तिथि 12 अगस्त को सुबह 07 बजकर 5 मिनट तक ही रहेगी। 12 अगस्त को पूर्णिमा तीन मुहूर्त न होने कारण मान्य नहीं होगी। जब भद्रा का वास पृथ्वी लोक में होता है तब यह अशुभ, कष्टकारी और बाधा डालने वाली होती है।

10- पंचांग गणना के अनुसार 11 अगस्त को पूर्णिमा तिथि के लगने से साथ ही भद्रा शुरू हो जाएगी। 11 अगस्त को भद्रा के दौरान चंद्रमा मकर राशि में रहेंगे, इस कारण से भद्रा का वास पाताल लोक में माना जाएगा। पाताल लोक में भद्रा को अशुभ नहीं माना जाता है। ऐसे में 11 अगस्त को ही रक्षाबंधन मनाना शुभ रहेगा। ऐसी ज्योतिष के जानकारों का मनाना है।

# दस बार भारत ने पाकिस्तान को दी मात

कॉमनवेल्थ गेम्स के क्रिकेट, बॉक्सिंग, रेसलिंग, बैडमिंटन सब में हारे पाकिस्तानी

भारत-पाक मुकाबले अक्सर ही हाईवोल्टेज रहते हैं। कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में भी जब दोनों देशों के खिलाड़ी आमने-सामने हुए, तो पूरी दुनिया की नजर इनके ही मुकाबलों पर थी। बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत ने न सिर्फ क्रिकेट के मैदान पर पाकिस्तान को हराया, बल्कि अलग-अलग मुकाबलों में कुल मिलाकर 10 दफा मात दी। आज स्पेशल स्टोरी में आपको उन मुकाबलों के बारे में बताते हैं, जब भारत ने पाकिस्तान को धूल चटाई।




### बैडमिंटन में 3 बार दी मात

बैडमिंटन सिंगल्स में भारत की आकर्षि कश्यप के सामने पाकिस्तान की महरूर शहजाद की चुनौती थी। आकर्षि ने पहला गेम जीत भी लिया था और दूसरे गेम में मजबूत बढ़त बना ली थी, मगर शहजाद रिटायर्ड आउट हो गईं।

मेंस डबल्स में सात्विक साईराज और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने पाकिस्तान की अली और भट्टी की जोड़ी को 21- 8, 21-7 से बुरी तरह से हराया था।

बैडमिंटन के मिक्स्ड टीम इवेंट में भारत ने पाकिस्तान को 5-0 से एकतरफा मुकाबले में हराया था।

इंडियन स्टार शटलर किदांबी श्रीकांत ने मिक्स टीम इवेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए मुकाबला एकतरफा अंदाज में जीत लिया। बॉक्सिंग में भी भारतीय मुक्केबाजों ने पाकिस्तान पर जमकर मुक्के बरसाए। शिवा थापा ने 63.5 चद्द वेट कैटेगरी में अपने पहले मुकाबले में बलोच को 5-0 से हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया था।

# पदक एक ऐसी चीज़ है जिससे लोग प्रेरित होंगे : हरमनप्रीत



**बर्मिंघम ।** राष्ट्रमंडल खेलों में सिल्वर मेडल प्राप्त करने के लिए हरमनप्रीत जब पोडियम पर खड़ीं थीं तो उनकी शारीरिक भाषा दूसरी बार विश्व फ़ाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराने का एक और सुनहरा मौका गंवाने का दुख बयां कर रही थी। कुछ ही मिनटों बाद मीडिया से बात करने के लिए उन्होंने खुद को संभाला, तो हरमनप्रीत परिणाम को और अधिक स्वीकार कर रही थीं। हरमनप्रीत ने नौ रन की हार के बाद कहा, हम जिस तरह से खेले उससे मैं खुश और संतुष्ट हूं। मुझे पता है कि हम गोल्ड जीतने के क़रीब थे, लेकिन कुल मिलाकर हमारा प्रदर्शन शानदार था। पहली बार हमें इस प्रतियोगिता में खेलने का मौक़ा मिला है और हम रजत पदक जीतकर खुश हैं।पदक एक ऐसी चीज़ है जिससे लोग प्रेरित होंगे और वे क्रिकेट खेलना शुरू कर सकते हैं। एक टीम के तौर पर हम युवा लड़कियों को प्रेरित करना चाहते हैं। इस मंच पर अच्छा प्रदर्शन करने से बहुत से लोग प्रभावित होंगे।

भारत ने एक भी गेंद फेंके जाने से पहले अपने कार्यों से बहुत सारे प्रशंसकों का दिला जीत लिया। कोविड पॉज़िटिव पाए जाने के कारण तालिया मैकग्रा का भाग लेने पर संशय बना हुआ था लेकिन राष्ट्रमंडल खेलों के नियमों ने भी उन्हें पर्याप्त रूप से फ़िट माना। यह मामला आने के बाद टॉस में देरी करनी पड़ी लेकिन हरमनप्रीत ने बाद में उस घटनाक्रम को समझाया जिनके कारण उन्हें शामिल किया गया था। हरमनप्रीत ने कहा, उन्होंने हमें टॉस से पहले सूचित किया था।

# बाढ़ के चलते कई नदियां उफान पर आवागमन हुआ बाधित

## कोपरा के 12 घरो में घुसा पानी, विधायक संत ने बाढ़ में फंसे ग्रामीणों को राशन पहुंचाया







**फरसगांव।** क्षेत्र में लगातार तीन दिनों से हो रही तेज बारिस नदियां उफान पर आवाजाही बाधित वही ग्राम कोपरा के 12 घरो मे पानी घुस गया है केशकाल विधान सभा क्षेत्र मे तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश के चलते धनोरा के आसपास के नदी नाले उफान पर है बड़ेखौली, चुरेगांव, बड़ेओडागांव की नदिया उफान पर है और क्षेत्र मे बाढ़ की स्तिथि है ग्राम बड़ेखौली का पुल अंतागढ़ मार्ग को जोड़ता है वही बड़ेखौली नदी में पुल के ऊपर से पानी बह रहा है और ग्रामीण आवाजाही कर है ग्रामीणों का कहना है की बड़ेखौली नदी में बाढ़ आने से 40 से 45 ग्रामो को जोड़ने वाला यह प्रमुख पुल है बाढ़ आने से आवाजाहि पूर्ण रूप से बाधित हो जाती है स्कुल कालेज जाने वाले बच्चे पढ़ाई से वँचित हो जाते है कई दिनों तक बाढ़ का पानी नहीं उतरने पर लोगो को दूसरे के घरो में सहारा लेना पड़ता है वही जल स्तर कम होने पर लोग जान जोखिम में डालकर नदी पार करते है देखना है शासन और प्रशासन कब जागेगा और पुल का निर्माण कब होगा और ग्रामीणों को बारिश के दिनों में समस्याओ से निजाद कब मिलेगी, बड़ेराजपुर ब्लाक के ग्राम कोपरा नदी में बाढ़ आने पर कोपरा ऊपर पारा में 12 घरो मे जल भरवा हो गया है स्थानीय ग्राम सरपंच के द्वारा 4 परिवारो को पंचायत भवन में सिफ्ट किया गया गया और सतत निगरानी की जा रही है बाढ़ क्षेत्र में ग्रामीणों को जाने से रोका जा रहा है केशकाल विधायक संत नेताम को खबर लगते ही बाढ़ क्षेत्र के दौरे में निकले तो बाढ़ ने विधायक संत नेताम का रास्ता रोक लिया तभी निज सहायक को दूसरे रास्ते से लम्बी दुरी तय कर कोपरा गांव में भेजकर बाढ़ से जिनके घरो में पानी घुस गया था उनका हाल चाल जाना और राशन की व्यवस्था की गई ।

## स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने कलेक्टोरेट में राष्ट्रीय ध्वज और राखी विक्रय के लिए लगाया स्टॉल





**जगदलपुर।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी बकावण्ड विकासखण्ड के स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बुधवार 10 अगस्त को जगदलपुर के कलेक्टोरेट में राष्ट्रीय ध्वज और राखी विक्रय हेतु स्टॉल लगाया। महिलाओं द्वारा इसके साथ ही पारम्परिक व्यंजन एवं कोदो, कुटकी, रागी जैसे लघुधान्य उत्पाद, वनोत्पाद सहित हस्तशिल्प की सामग्री भी विक्रय की गई।

## भाजपा पार्षद द्वारा राष्ट्रीय ध्वज उल्टा पकड़ कर तिंरगा के अपमान करने पर दर्ज हो एफ आई आर : कांग्रेस

### तिरंगे के सम्मान में असफल भाजपा कर रही ओछी राजनीति

**राजनांदगांव**//धार्मिक कावड़ यात्रा में उल्टा तिरंगा लेकर घूमने के मामले पर भाजपा की पार्षद पर ध्वज के अपमान पर एफआईआर . करने को लेकर कांग्रेस के नेता पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर से मिलकर फोटो व वीडियो के साथ शिकायत पत्र सौपा है।

दिनांक 8 अगस्त 2022 सोमवार को बागेश्वर मंदिर धमार्थ ट्रस्ट राजनांदगांव द्वारा आयोजित कांवड़ यात्रा जिसमे प्रातः 8:00 बजे महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख अतिथि के रूप में आमंत्रित कि गई थी। उक्त आयोजन के आयोजन समिति द्वारा आयोजन में शामिल सभी धर्म प्रेमियो को प्लास्टिक पाईप युक्त छोटे झंडे वितरित किये गए थे, महापौर श्रीमती देशमुख एक हाथ में कावड रखी हुयी चल रही थी. इसी बीच महापौर के हाथ में एक ऐसा झंडा पूर्व में निर्मित था, जो उल्टा था, भक्ति में लीन होने के कारण भीड वातावरण में बिना देखे



रख लिया गया। जिसपर भाजपा के प्रमुख पदाधिकारीगण महापौर श्रीमती हेमा देशमुख के खिलाफ राष्ट्रीय ध्वज उल्टा पकडने पर एफ.आई.आर. दर्ज करने के लिये दबाव बनाने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया है ।आयोजन समिति बागेश्वर मंदिर धमार्थ ट्रस्ट राजनांदगांव द्वारा गलती हेतु क्षमा याचना लिखित में दिया जा चुका है और महापौर द्वारा भी आयोजन समिति द्वारा की गयी मानवीय त्रुटी हेतु स्वयं भी खेद भी व्यक्त कर चुकी है। उसके बाद भी धार्मिक आयोजन की त्रुटी को भाजपा द्वारा राजनैतिक दिया जाना गलत है।

इसी आयोजन में भाजपा की पार्षद सुश्री मणीभाष्कर गुप्ता ने राष्ट्रीय ध्वज को उल्टा लेकर चलने का विडीयो एवं फोटोग्राफ्स सामने आने पर कांग्रेस ने भी भाजपा पार्षद सुश्री मणीभाष्कर गुप्ता के खिलाफ एफ आई आर की मांग की है, और इसे भाजपा द्वारा सुनियोजित ढंग से षड्यंत्र रचने का शक जाहिर करते हुए जांच की मांग की। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष पदम सिंह कोठारी, खादी ग्रामोद्योग के सदस्य श्री किसन खंडेलवाल, गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष मन्ना यादव, अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य हफिज खान, निगम अध्यक्ष पप्पू धकेता, पूर्व निगम अध्यक्ष रमेश डाकलिया, डा आफताब आलम,प्रवक्ता रूपेश दुबे, कुतबुद्दीन सोलंकी,पंकज बांधव, मोती साहू, नासीर जिंदरान, महिला कांग्रेसअध्यक्ष रोशनी सिन्हा पार्षद गण मधुकर बंजारी, अमीन हुड्डा, विनय झा, शरद पटेल, ॠषि शास्त्री, गणेश पवार, पूर्णिमा नागदेवे, राजा तिवारी, चंपू गुप्ता, भागचंद साहू, महेश साहू, हेमू सोनी, राजा गुप्ता, सिदार्थ डोंगरे, अभिमन्यु मिश्र, अवधेश प्रजापति, एल्डरमैन राजा गुप्ता मनीष गौतम, प्रदीप यादव अनीश खान अभिमन्यु मिश्रा एनएसयूआई जिलाध्यक्ष आमर झा, हर्ष साहू, बबलू सोनी, अरशद खान, प्रतीक अग्रवाल, दिव्यांश चौरसिया सत्यम सिंह सादाब अली ,सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## भारी बारिश की बाधा भी नही रोक पाई कांग्रेस की ''गौरव यात्रा''

### आदिवासी समाज, महिला समूह, गौठान समूह, पंचायत प्रतिनिधियों का किया सम्मान

### राज्य सरकार की योजनाओं का पैंपलेट पहुंचा कर घर घर लगाए तिरंगा

**राजनांदगांव ।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम एवं सीएम भूपेश बघेल के निर्देश अनुरुप 75 किमी. की पैदल यात्रा तय करने की शुरुआत हो गई। यात्रा के विधानसभा प्रभारी व शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा की अगुवाई में सिंघोला से इसकी शुरुआत हुई।

मंगलवार सुबह 9 बजे सिंघोला मंदिर में मां भानेश्वरी की पूजा अर्चना के साथ गौरव यात्रा की शुरुआत की गई। भारी बारिश के बीच भी गौरव यात्रा में कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उत्साह के साथ शामिल हुए। पहले दिन



गौरव यात्रा सिंघोला से शुरू होकर सुरगी में समाप्त हुई। इस दौरान विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर कांग्रेस ने आदिवासी समाज के सदस्यों का सम्मान किया और मंदिर परिसर में श्रमदान भी किया। आजादी की गौरव यात्रा के दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने गांव-गली में भ्रमण के दौरान लोगों को आजादी के लिए अपने प्राणों की आहूति देने वाले शहीदों से जुड़ी वीरगाथा भी सुनाई। भारतमाता के प्रति राष्ट्रभावना पैदा करने का उद्देश्य लिए इस यात्रा में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान के संबंध में भी कांग्रेसियों ने जानकारी लोगों तक पहुंचाई। वहीं हाथ में तिरंगा लेकर निकली कांग्रेसियों की यात्रा में हुजूम उमड़ पड़ा। कांग्रेसियों ने गांव-गली में घूमकर देश की आजादी के 75 साल पूरे होने पर महान सेनानियों के जीवनकाल और उनकी उल्लेखनीय भूमिकाओं के संबंध में जानकारी दी। कांग्रेस की यह यात्रा विधानसभावार 14 अगस्त तक चलेगी। यात्रा में जिला संगठन प्रभारी अरूण सिसोदिया, प्रदेश महामंत्री शाहिद भाई ,महापौर हेमा देशमुख, जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष पदम कोठारी, युवा आयोग के अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार, गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष मन्ना यादव, खादी ग्रामोद्योग के सदस्य श्रीकिशन खंडेलवाल, अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य हफीज खान,शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा, आफताब आलम, सुदेश देशमुख, रूपेश दुबे, अमित चंद्रवंशी, मनीष गौतम, संतोष पिल्ले, निखिल द्विवेदी, विनय झा, भागचंद साहू, मनीष साहू, मधुकर बाजारी,बबलू सोनी, मेहुल मारू बबलू सेन डामन वैष्णव, तुकज साहू, मूलचंदजैन, योगेंद्र प्रताप,समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसी शामिल थे।

## डाक कर्मचारियों हड़ताल पर भाइयों की कलाइयां रह जायेगी सुनी

### रक्षाबंधन पर्व में अनेको भाई राखी से हुये वंचित

**फरसगांव।** फरसगांव क्षेत्र में समस्त डाक विभाग के कर्मचारियों के हड़ताल में चले जाने से भाइयों को रक्षाबंधन में डाक पार्सल से राखी भेजने वाली बहनों में मायूसी दिखी दी, डाक विभाग के कर्मचारी विभिन्न मांगो को लेकर एक दिवसीय हड़ताल है जिसके चलते आज डाक घर बंद है जिसके चलते राखी भेजने वाली बहनों में निराशा दिख रही है वे डांक घर तक पहुंच मजबूरी वश वापस जा रही हैं वहीं अब डाक विभाग में हड़ताल के चलते उनकी राखियां उनके भाइयों तक अब समय पर नहीं पहुंच सकेंगी और भाईयो की कलाई सुनी रह जायेगी और भाईयो को राखी बंधवाने के लिए अगले वर्ष का इंतजार करना पड़ेगा ।





## एक नजर

### प्राकृतिक आपदा पीड़ित 14 परिवारों को 56 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**जगदलपुर।** कलेक्टर श्री चंदन कुमार द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के प्रावधानों के तहत प्राकृतिक आपदा-दुर्घटनाओं से पीड़ित 14 परिवारों को 56 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई। इसमें बस्तर तहसील के ग्राम बड़ेआमाबाल के निवासी जगतु की मृत्यु पानी में डूबने से पत्नी पदमनी को, ग्राम चमिया के निवासी सुदरू की मृत्यु पानी में डूबने से पत्नी कमली को, ग्राम जाटनपाल के निवासी बुदरू की मृत्यु पानी में डूबने से नाबालिक पुत्रों एवं पुत्री को, ग्राम राजपुर के निवासी सितयाबती की मृत्यु तालाब पानी में डूबने से पुत्र एवं पुत्रियां को लोहण्डीगुड़ा तहसील के ग्राम बदरेंगा निवासी पुनो की मृत्यु पानी में डूबने से पति झिलू को, ग्राम ककनार के निवासी सुकमन की मृत्यु इन्द्रावती नदी में पानी में डूबने से पुत्र दौलत को, जगदलपुर तहसील के ग्राम धनियालुर के निवासी कुशाल की मृत्यु पानी में डूबने से पिता लखेश्वर को, ग्राम धरमपुरा निवासी चंन्द्रवती की मृत्यु तालाब पानी में डूबने से भाई बंशी को, ग्राम मारकेल के निवासी ऐन्जल की मृत्यु सांप काटने से पिता चुन्नू को, ग्राम माड़पाल के निवासी कमल की मृत्यु तालाब पानी में डूबने से पुत्र चंदन को, बास्तानार तहसील के ग्राम कण्डोली के निवासी मंगलू की मृत्यु डबरी पानी में डूबने से पुत्र श्याम को, ग्राम बड़े काकलूर के निवासी पाण्डो की मृत्यु सांप काटने से माता कोसी को, दरभा तहसील के ग्राम डिलमिली के निवासी अमिश की मृत्यु सांप काटने से पिता बुदरू को, बकावण्ड तहसील के ग्राम कुरूषपाल के निवासी कंसुला की मृत्यु सांप काटने से पति सुकलधर को 4-4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई।

### स्पेशल एजुकेटर के पदों पर अस्थायी नियुक्ति हेतु 23 अगस्त तक आवेदन पत्र आमंत्रित

**कोण्डागांव।** जिले में समग्र शिक्षा के अंतर्गत महत्वाकांक्षी योजना समावेशी शिक्षा में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने हेतु विकासखंड स्तर पर स्थापित संसाधन केन्द्रों में स्पेशल एजुकेटर के 5 पदों पर 3 माह हेतु अस्थायी नियुक्ति करने ईच्छुक पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र 23 अगस्त 2022 तक कार्यालय जिला मिशन समन्वयक, समग्र शिक्षा कक्ष क्रमांक 94 प्रथम तल कलेक्टोरेट कोण्डागांव (छत्तीसगढ़) के पते पर आमंत्रित किया गया है। आवेदन पत्र पंजीकृत डाक के माध्यम से प्राप्त किया जायेगा। उक्त रिक्त पदों में 2 पद अनुसूचित जनजाति मुक्त, 1 पद अनुसूचित जनजाति महिला, 1 पद अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त तथा 1 पद अनारक्षित मुक्त हेतु निर्धारित है। इस पद के लिए न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता स्नातकोत्तर सहित विशेष शिक्षा में बीएड अथवा स्नातकोत्तर सहित बीएड एवं विशेष शिक्षा में द्विवर्षीय डिप्लोमाधारी होना चाहिए।

### फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम

#### 16 अगस्त को होगी राजनैतिक दलों एवं मीडिया प्रतिनिधियों की बैठक

**कोण्डागांव।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 01 जनवरी 2023 की अर्हता तिथि में चलाया जा रहा है। जिसके तहत् मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण, मतदाता सूची का शुद्धीकरण, पात्र मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में व्यापक रूप से जोड़ने, मृत या स्थानांतरित मतदाताओं के नाम विलोपित करने एवं मतदाताओं के आधार डाटा संकलित करने का कार्य किया जा रहा है। उक्त संबंध में विचार-विमर्श करने हेतु 16 अगस्त 2022 को सायंकाल 4.00 बजे जिला कार्यालय कोण्डागांव के सभाकक्ष में राजनैतिक दलों एवं मीडिया प्रतिनिधियों की बैठक आहूत की गयी है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी कोण्डागांव द्वारा उक्त बैठक में सर्व संबंधितों से उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

### स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित

**दुर्ग।** कलेक्टर श्री पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने 15 अगस्त 2022 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया है। इस दौरान जिले में स्थित सभी प्रकार की मदिरा दुकानें बंद रहेंगी। कलेक्टर ने होटल बार, असैनिक विनोद गृह, व्यवसायिक क्लब व सैनिक कैंटीन व भाण्डागार 15 अगस्त 2022 को पूर्णतः बंद रखें जाने के दिये निर्देश दिए हैं। इस दौरान किसी भी प्रकार मदिरा का विक्रय होने पर कड़ाई से कार्यवाही की जायेगी।

### सिकोला एवं करहीडीह के कुछ खसरा नंबरों पर लगाई गई रोक

**दुर्ग ।** जिले के ग्राम सिकोला एवं करहीडीह में स्थित कुछ भूमि के अवैध प्लाटिंग कर खरीदी बिक्री की जा रही है। प्रशासन ने सिकोला एवं करहीडीह के अवैध प्लाटिंग से संबंधित खसरा नंबरो के विक्रय पर रोक लगाई गई है। जिसकी जानकारी जिला पंजीयक के कार्यलय से प्राप्त कर सकते है।

## सीआरपीएफ की कोबरा वाहिनी पहुंच रही घर-घर




**जगदलपुर।** देश के 75 वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में आजादी का अमृत महोत्सव पर 201 कोबरा वाहिनी द्वारा श्री सौमित्र रॉय कमांडेंट मार्गदर्शन में हर्षोल्लास से हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारत सरकार के इस अभियान को लेकर 201 कोबरा वाहिनी के जवान मुख्यालय के साथ-साथ आसपास के गांवों में के घर-घर पहुंच रहे हैं। इसके साथ ही स्कूल, अस्पताल, बैंक आदि स्थानों में पहुंचकर भी तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए जागरुकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिससे लोगों में देश के प्रति प्रेम की भावना को बढ़ाई जा सके और तिरंगे के सम्मान के बारे में ग्रामिणों को अवगत कराया जा सके। भारत सरकार के इस कार्यक्रम को जन-जन तक पहुंचाने के लिए 201 कोबरा वाहिनी द्वारा गांव-गांव में कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा इस कार्यक्रम के माध्यम से भारत सरकार की इस मुहिम को लेकर 13 से 15 अगस्त तक अपने घरों में तिरंगा फहराकर इस महोत्सव में अपनी भागीदारी निभाने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया गया।

## हर घर तिरंगा अभियान की सफलता के लिए निकला जागरूकता रैली

### विद्यालय में वन महोत्सव अन्तर्गत पौधारोपण, पीसीसी चीफ सहित तिरंगा यात्रियों का स्वागत

**कोंडागांव ।** भारत स्काउट एवं गाइड छत्तीसगढ़ राज्य मुख्यालय के निर्देशानुसार जिला कोंडागांव के पदेन संरक्षक एवं जिला कलेक्टर दीपक सोनी, जिला आयुक्त स्काउट एवं शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार पटेल एवं जिला संगठन आयुक्त भीषभदेव साहू के मार्गदर्शन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दहिकोंगा के स्काउट्स, गाइड्स, रोवर एवं रेंजर ने हर घर तिरंगा अभियान अन्तर्गत जनजागरूकता रैली निकालकर लोगों को आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने आजादी के अमृत महोत्सव पर अपने-अपने घरों में तिरंगा लगाने के लिए प्रेरित किया । इस जागरूकता रैली में संस्था के स्काउट्स, गाइड्स, रोवर, रेंजर,




### स्काउट्स गाइड्स एवं एन एस एस के छात्रों का सक्रिय सहभागिता

एन एस एस, जुनियर रेडक्रॉस, विज्ञान क्लब एवं ईको क्लब के छात्र - छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता प्रदान की । हर घर तिरंगा अभियान जागरूकता रैली के दौरान आजादी की 75वीं वर्षगांठ सिल्क महोत्सव एवं विधानसभा स्तरीय तिरंगा यात्रा पर निकले क्षेत्र के विधायक एवं पीसीसी चीफ मोहन मरकाम जी का भी भव्य स्वागत किया गया ।

जागरूकता रैली पश्चात संस्था के प्राचार्य त्रिनाथ प्रसाद जोशी ने बताया कि इस आजादी के अमृत महोत्सव में हम सभी अपने देश के प्रति राष्ट्रप्रेम की भावना के साथ हर घर तिरंगा फहराने हेतु जागरूकता फैलाए और लोगों को अपने घरों में तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करें । भारत स्काउट एवं गाइड छत्तीसगढ़ जिला कोंडागांव के जिला प्रशिक्षण सलाहकार एवं संस्था के स्काउट मास्टर ॠषिदेव सिंह ने बताया कि हम आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं । भारतीय राष्ट्रीय ध्वज हर भारतीय के लिए राष्ट्रीय गौरव एवं स्वाभिमान का प्रतीक है। हमारे सभी स्काउट्स, गाइड्स, रोवर, रेंजर अपने-अपने घरों पर यूनिफॉर्म में तिरंगा फहराएंगे एवं संस्था के सभी बच्चों एवं अपने पड़ोसियों को भी प्रेरित करेंगे ।

## रक्षाबन्धन त्योहार को लेकर बाजार में दिखी रौनक

**गरियाबंद ।** भाई बहन का पवित्र त्योहार रक्षाबंधन को लेकर नगर के बाजार में रौनक दिखने लगा है ।बहने अपने भाई के लिए विभिन्न प्रकार के राखी खरीदी करते दिख रहे है ।लेकिन रक्षा बन्धन का पर्व अलग अलग तिथि में कहीं 11 अगस्त कहीं 12 अगस्त को मनाए जाने जनमानस में संशय की स्थिति बन गई है,पण्डितो में भी मतभेद की बात सामने आ रही है,अलग अलग तिथि के कारण लोगो मे भ्रम फैल रहा है,वही भद्रा को लेकर भ्रम पैदा हुआ है, हमारे सनातन धर्म एवं संस्कृति में त्योहारों को लेकर उत्साह रहता ही है, ज्योतिष शास्त्र सम्मत तिथि गणना के अनुसार दोष रहित तिथि में ही त्योहार मनाए जाने की परम्परा रही है, होली एवम राखी के त्यौहार में भद्रा का विशेष ध्यान रखा जाता है, रक्षा बन्धन का पर्व सावन मास की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है,11 अगस्त गुरुवार को पूर्णिमा दिन में 10:38 मिनट से लग रही है।

# समय-सीमा से बाहर लंबित नही होने चाहिए प्रकरण-कलेक्टर रानू साहू

## निर्माण कार्यों पर देरी को लेकर कलेक्टर ने जताई नाराजगी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।





लोक सेवा गारंटी के अंतर्गत प्रदान की जाने वाली सेवाओं के लिए समय-सीमा निर्धारित की गई है। ऐसे में सभी अधिकारियों का दायित्व है कि प्रकरण निर्धारित समय के भीतर निराकृत किए जाएं। उक्त बातें कलेक्टर रानू साहू ने आज समय-सीमा की बैठक में कही। उन्होंने लंबित प्रकरणों पर गहरी नाराजगी जताते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर साहू ने आज बैठक में राजस्व प्रकरणों के निराकरण की भी तहसीलवार समीक्षा की। उन्होंने अविवादित नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन आदि के प्रकरणों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी प्रकरणों का तेजी से निराकरण किया जाए। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि तहसील कार्यालयों में आरआई पटवारी रिपोर्ट के लिए एक अलग से रजिस्टर बनाया जाए। जिसमें हल्कावार पटवारियों से अपेक्षित रिपोर्ट की पूरी जानकारी हो। इस रजिस्टर में पटवारियों को किसी प्रकरण में रिपोर्ट देने हेतु कितने बार निर्देश दिए गए तथा उसका क्या पालन किया गया उसकी जानकारी दर्ज की जाए। इससे तहसील के सभी हलकों के कामकाज की भी समीक्षा करने में आसानी होगी।

कलेक्टर साहू ने आज बैठक में स्वामी आत्मानंद विद्यालयों के निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की। कुछ स्थानों पर भवन पूर्ण नहीं होने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई तथा पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को तत्काल निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि ठेकेदार द्वारा कार्य नहीं किया जा रहा है तो उसे नोटिस दे तथा उस पर कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि विभाग का प्राथमिक दायित्व निर्माण कार्यों को समय से पूरा कराना है। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा, नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा, डीएफओ रायगढ़ स्टायलो मण्डावी, डीएफओ धरमजयगढ़ अभिषेक जोगावत सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### कार्यालयों का सुचारू संचालन विभाग प्रमुखों की जिम्मेदारी

कलेक्टर साहू ने कहा कि जिले में स्थित विभागीय कार्यालयों का सुचारु संचालन विभाग प्रमुखों की जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपने अधीन कार्यालयों का 16 से 18 अगस्त के बीच निरीक्षण कर वहां सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी कार्यालयों में समुचित साफ-सफाई होनी चाहिए,रिकॉर्ड का व्यवस्थित रूप से मेंटेन होना चाहिए, स्टाफ समय से कार्यालय आए, विभागीय कार्य समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं। जिससे लोगों को उस विभाग से जुड़ी योजनाओं व सुविधाओं का अधिकतम लाभ मिले।

### सर्पदंश से सतर्कता और बचाव के लिए ग्रामीणों को करें जागरूक

कलेक्टर रानू साहू ने कहां की कहां की बारिश के मौसम में ग्रामीण इलाकों में सर्पदंश की काफी मामले देखने को मिलते हैं। इसके लिए सतर्कता और बचाव को लेकर ग्रामीणों को जागरूक करना बेहद जरूरी है कलेक्टर साहू ने इसके लिए सभी एसडीएम को गांवों में इसके लिए मुनादी करा कर लोगों को जमीन में सोने से बचने व सर्पदंश की स्थिति में तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए जाने हेतु जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को सर्पदंश के उपचार हेतु आवश्यक एंटी वेनम तथा दवाओं का स्टॉक रखने के निर्देश भी दिए।

### हर घर तिरंगा अभियान, स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों की हुई समीक्षा

कलेक्टर साहू ने बैठक में 13 से 15 अगस्त तक चलने वाले हर घर तिरंगा अभियान के तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने अभियान के लिए सभी विभागों को अपनी पूरी सहभागिता निभाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर की समीक्षा की उन्होंने अधिकारियों को सौंपे गए दायित्व के अनुसार सभी तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# कृषि और राजस्व विभाग के टीम द्वारा कृषकों के बैंक खाते का केवाईसी करवाया जा रहा

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।



कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न विकास खण्डों में किसानों का केवाईसी पूर्ण कराया जा रहा है। कृषि विभाग द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत समस्त पात्र हितग्राहियों का खाता आधारित पेमेंट को बदल कर आधार आधारित किया जा रहा है। कलेक्टर ने जिले के राजस्व, कृषि एवं पंचायत विभाग को समन्वय स्थापित कर समस्त पंजीकृत हितग्राहियों का ई-केवाईसी पूर्ण कराने के साथ-साथ पंजीकृत ऐसे हितग्राहीए जिनके बैंक खाता अब तक आधार से लिंक नहीं हुए हैं, उनके लिए विशेष अभियान चलाकर तथा विशेष शिविर आयोजित कर कृषकों के बैंक खाते को आधार से लिंक कराने का कार्य करने के निर्देश दिए हैं। उक्त अभियान के लिए उन्होंने अपने अधीनस्थ समस्त मैदानी अमलों को निर्देशित करते हुए लोक सेवा केन्द्रों बायोमेट्रिक के माध्यम के सहयोग से समय.सीमा में कार्यवाही करने के लिए कहा है। इसी कड़ी में आज राजस्व एवं कृषि विभाग के टीम द्वारा फरसाबहार विकासखण्ड के सिकिरिमा में विशेष अभियान चलाकर कृषकों केवाईसी पूर्ण किया जा रहा है साथ ही कृषकों के बैंक खाते को आधार से लिंक कराने का कार्य भी किया जा रहा है।

# आवासीय विद्यालय में रहने वाले विद्यार्थियों को 8081 चरणपादुकाओं का नि:शुल्क वितरण

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।



विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर संवेदना कार्यक्रम के अंतर्गत् जशपुर विधायक विनय भगत ने जशपुर विकासखण्ड के पहाड़ी कोरवा आश्रम-छात्रावास बालाछापर के 88 विद्यार्थियों को चरण पादुका दिया गया। इस अवसर पर आदिवासी विकास के सहायक आयुक्त श्री बीण्केण्राजपूतए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बालेश्वर भगत सहित अमित महतो, सूरज चौरसिया एवं विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। विधायक विनय भगत ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि लक्ष्य बनाकर अच्छे से पढ़ाई करें और अच्छे पदों पर आसीन हो। इसी प्रकार जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में पो.मै. बालक छात्रावास कुनकुरी में 70 एवं प्री मै कन्या छात्रावास पत्थलगांव में 50 जोड़ी चरण पादुका वितरण भी किया गया है। उल्लेखनीय है कि यह कार्यक्रम जिले में मई 2022 से चल रहा है जिसके अंतर्गत विभिन्न आश्रम.छात्रवासों एवं आवासीय विद्यालय में निवासरत विद्यार्थियों को 8081 चरणपादुकाओं का नि:शुल्क वितरण किया जा चुका है।

## एक नजर

### प्राकृतिक आपदा से 9 लोगों की असामायिक मृत्यु, वारिसानों को सहायता राशि स्वीकृत

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

अनुविभाग लैलूंगा एवं धरमजयगढ़ अंतर्गत प्राकृतिक आपदा से 9 लोगों की असामायिक मृत्यु होने के कारण कलेक्टर रायगढ़ के अनुमोदन पश्चात संबंधित एसडीएम द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के संशोधित प्रावधान के तहत मृतक के नजदीकी वारिसानों को 4-4 लाख रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

कार्यालय कलेक्टर, रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार अनुविभाग लैलूंगा अंतर्गत ग्राम-पोटेबिरनी के पंचराम साय की 27 जुलाई 2021 को सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनके पिता चरणसाय को 4 लाख रुपये, ग्राम-केशला के कस्तीकुंवर की 31 अगस्त 2021 को सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनकी पुत्री कांति को 4 लाख रुपये, ग्राम-बुढीकुटेन के सत्यानारायण की 17 नवम्बर 2021 को पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी अंजू देवी भगत को 4 लाख रुपये, ग्राम-रूपडेगा के भिनसारी तिर्की की 31 मार्च 2022 को पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके पुत्र कुसा तिर्की को 4 लाख रुपये एवं ग्राम घटगांव के जितेन्द्र कुजूर की 5 अप्रैल 2022 को पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी प्रेमी कुजूर को 4 लाख रुपये स्वीकृत की गई है। इसी तरह अनुविभाग धरमजयगढ़ अंतर्गत ग्राम-उदउदा निवासी संतोष की 27 अप्रैल 2022 को पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी आसोबाई को 4 लाख रुपये, ग्राम-गोढ़ीखुर्द निवासी फूलवती मांझी की 7 अक्टूबर 2019 को पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके पति विदुर को 4 लाख रुपये, ग्राम-भोजपुर निवासी नेहरू लाल की 17 जुलाई 2021 को पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके पिता कृपाराम को 4 लाख रुपये तथा ग्राम-उदउदा निवासी निर्भय मझवार की 22 जून 2022 को आकाशीय बिजली गाज से मृत्यु होने पर उनके पिता दिनेश को 4 लाख रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 अगस्त को

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा 13 अगस्त 2022 को सभी मामलों पर नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना निर्धारित किया गया है। जिसमें सिविल न्यायालयों में लम्बित राजीनामा योग्य आपराधिक मामले, चेक बाउन्स के मामले, पारिवारिक विवाद, मोटर दुर्घटना दावा एवं व्यवहार प्रकृति के मामलों, जिसमें निष्पादन प्रकरण भी सम्मिलित हैं, के अलावा, भूमि अधिग्रहण, आबकारी, श्रम, विद्युत, टेलीफोन संबंधी प्रकरण बैंक रिकव्हरी के राजीनामा हेतु रखे जायेंगें, जिसमें मुकदमा पूर्व वाद भी लोक अदालत में प्रस्तुत कर राजीनामा के द्वारा निराकृत किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त धारा 188 भा.द.सं. एवं कोविड-19 के परिप्रेक्ष्य में आपदा प्रबन्धन अधिनियम 2005 एवं अन्य छोटे अपराधों के मामलों जिसमें यातायात उल्लंघन के मामलों को भी शामिल कर निराकृत किये जायेंगे। विगत लोक अदालत की भांति राजस्व न्यायालय के प्रकरणों के संबंध में भी 13 अगस्त को खण्डपीठों का गठन करते हुए, खातेदारों के मध्य आपसी बंटवारे, वारिसों के मध्य बंटवारे, याददाश्त के आधार पर बंटवारे, कब्जे के आधार बंटवारे के प्रकरण, दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 145 की कार्यवाही के मामले, भाड़ा नियंत्रण सम्बन्धी, सुखाधिकार संबंधी, विक्रयपत्र/दानपत्र/वसीयतनामा के आधार पर नामान्तरण के मामले तथा अन्य राजीनामा योग्य मामले रखे जाएंगे।

यदि किसी पक्षकार का मामला राजीनामा योग्य है तथा वह आयोजित होने वाली इस लोक अदालत का लाभ प्राप्त करना चाहता है तो वह जल्द से जल्द स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने मामले को राजीनामा हेतु आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत दिनांक 13 अगस्त 2022 में रखने हेतु संबंधित न्यायालय से अनुरोध कर सकता है तथा मुकदमा पूर्व प्रकरण न्यायालय परिसर स्थित प्रबन्ध कार्यालय के हेल्प डेस्क में प्रस्तुत कर सकता है।

अधिक जानकारी हेतु कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायगढ़ से व्यक्तिगत रूप से एवं फोन नम्बर 07762-299190 एवं ईमेल dlsa.raigarh@gmail.com में संपर्क कर सकते है।

### जिले में 627.2 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 10 अगस्त तक 627.2 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 40.8 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 687.7 मिली मीटर, पुसौर में 773.7, खरसिया में 575.6, सारंगढ़ में 914.4, बरमकेला में 660.7, घरघोड़ा में 509.5, तमनार में 672.1, लैलूंगा में 537, धरमजयगढ़ में 543.1, सरिया में 577.4 एवं छाल में 448 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

# लंपी स्कीन रोग से बचाव हेतु पशुपालकों से सावधानी बरतने की अपील

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि राजस्थान एवं गुजरात में गौवंशीय पशुओं में लंपी स्कीन रोग के फैलने के सूचना प्राप्त हुई है। लंपी स्कीन रोग के राज्य में प्रवेश को रोकने, नियंत्रण करने एवं फेलाव को रोकने हेतु पशु पालकों को सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। उन्होंने पशु पालकों को जानकारी देते हुए कहा है कि सभी पशु पालक अपने स्वस्थ पशुओं को रोग से ग्रसित हो चुके पशुओं से बिलकुल अलग रखें। लंपी स्कीन रोग विषाणु जनित संक्रमण रोग है जो रोगी पशु से स्वस्थ पशुओं में छुने तथा मच्छर एवं मख्खियों के माध्यम सें फैलता है। इस रोग में बुखार के साथ पूरे शरीर में छोटे.छोटे गुठली बन जाते है, जो बाद में घाव में तब्दील हो जाती है। इस रोग के संक्रमण से दुधारू पशुओं की उत्पादान क्षमताए भारवाहक पशुओं की कार्य क्षमता एवं कम उम्र के पशुओं की शाररिक विकास पर विपरीत प्रभाव पड़ता है, जिससे पशु पालकों को आर्थिक हानि उठानी पड़ती हैं। उन्होंने कहा कि रोग के नियंत्रण हेतु सर्वप्रथम दूसरें जगह के पशुओं का आवागमन रोकना एवं वेक्टर नियंत्रण हेतु मच्छर, मख्खी एवं किलनी दवाईयों का छिड़काव करना।

# जिले में मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना का दूरस्थ अंचल के लोगों को मिल रहा लाभ

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।



दूरस्थ क्षेत्रों में लोगो तक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उददेश्य से छत्तीसगढ़ शासन की महत्वकांक्षी योजना मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना का बेहतर संचालन किया जा रहा है। जिले में मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना 112 हाट बाजारों में संचालित हो रही है। जिसमें आम जनताओं को स्वास्थ्यगत समस्याओं का जांच, उपचार एवं नि:शुल्क औषधि की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है साथ ही गंभीर रोगों के बेहतर उपचार हेतु उच्च चिकित्सकीय संस्थानों में रेफरल की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2021-22 में 1136 क्लीनिक लगाकर 52691 लोगों को तथा वर्ष 2022-23 में 1735 क्लीनिक का आयोजन कर 98703 लोगों को योजना अंतर्गत स्वास्थ्य लाभ प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना के संचालन से आम जनता जो नियमित घरेलू कार्यों के व्यस्तता, समय की कमी तथा स्वास्थ्य केन्द्र की दूरी के कारण छोटी बडी बीमारियों के उपचार हेतु स्वास्थ्य संस्था नहीं जा पाते उन्हें हाट बाजार में ही गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। आम जनता के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रही है।

# राष्ट्रीय राजमार्ग के 17.266 कि.मी. का सीमेन्ट कंक्रीट सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।



लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग उपसंभाग जशपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार रा.रा. क्र. 43 कटनी-गुमला मार्ग के किमी 469.300 से किमी 531.775 तक लम्बाई 62.475 किमी पत्थलगांव कांसाबेल कुनकुरी तक सड़क चौड़ीकरण का निर्माण कार्य एनएचडीपी योजना में स्वीकृत एवं निर्माणधीन है। निर्माण कार्य हेतु मेसर्स जीबीआर इन्फ्रा लिमिटेड चेन्नई को एजेंसी अनुबंधित किया गया है। निर्माण कार्य प्रारम्भ होने के पश्चात् जनवरी 2018 में अनुबंधित एजेन्सी का प्रकरण द्वारा निर्माण कार्य बंद रखा गया। पुन: निर्माण कार्य करने हेतु अनुमोदित त्रिपक्षीय अनुबंध के तहत प्रथम सब कान्ट्रेक्टर को 9 जुलाई 2019 से अनुबंधित कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया किन्तु निर्माण कार्य की प्रगति अत्यंत धीमी होने के कारण उक्त अनुबंध 19 जून 2022 से समाप्त किया गया।

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पुन: निर्माण कार्य हेतु द्वितीय सब कान्ट्रेक्टर का त्रिपक्षीय अनुबंध कुल मार्ग के लम्बाई का 70 प्रतिशत भाग पर निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया, फलस्वरूप 43.85 किमी में से 17.266 किमी का सीमेन्ट कंक्रीट सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण किया गया।

उपरोक्तानुसार मूल अनुबंध, प्रथम एवं द्वितीय सबकान्ट्रेक्टर द्वारा उल्लेखित कारणों से निर्माण कार्य में अत्यधिक विलम्ब हुआ, तथा सड़क की स्थिति अत्यन्त खराब अवस्था में परिवर्तित हुई इस बाबत सड़क को आवागमन योग्य बनाये रखे जाने हेतु निविदा संबंधी औपचारिकता, पूर्ण कर वर्षा ऋतु में एवं पश्चात में सड़क मरम्मत, संधारण का कार्य किया जावेगा, इस मध्य विभाग द्वारा मरम्मत संधारण कार्य प्रगति पर है। तथा मार्ग की स्थिति जहां निर्माण कार्य अप्रारम्भ था उन भागो के सुधार कार्यए पुन: निर्माण कार्य करने हेतुए मुख्य अभियंता लोनिवि राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र रायपुर एवं क्षेत्रीय अधिकारी, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालयए भारत सरकार, कैम्प पेंशनबाडा रायपुर द्वारा राज्य शासन तथा सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालयए भारत सरकार को 19 जुलाई 2022 से अवगत कराया गया है, ताकि पुन: निर्माण कार्य प्रारम्भ हो सके।

# रात में भी मरीजों को मिले समुचित उपचार की सुविधा-कलेक्टर

## शासकीय अस्पतालों में डाक्टरों को ओपीडी बढ़ाने के निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर रानू साहू ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों तथा मेडिकल कॉलेज प्रबंधन की संयुक्त बैठक ली। बैठक में उन्होंने कहा कि शासकीय अस्पतालों में मरीजों को दिन के साथ-साथ रात में भी समुचित उपचार की सुविधा मिलनी चाहिए।



### कम हीमोग्लोबिन वाली गर्भवती महिलाओं की होगी सोनोग्राफी जांच

इसके लिए उन्होंने ड्यूटी में तैनात डॉक्टरों तथा मेडिकल स्टाफ को पूरी जिम्मेदारी के साथ काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने शासकीय अस्पतालों में तैनात डॉक्टरों की आईपीएचएस नॉर्म्स के तहत ओपीडी व आईपीडी की संख्या बढ़ाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में आने वाले मरीजों को लैब टेस्ट की सुविधा भी मिलनी चाहिए इसके साथ ही बीमा योजनाओं का लाभ मरीजों को प्रदान करने पर भी उन्होंने विशेष जोर दिया।

कलेक्टर साहू ने जिले के अस्पतालों में तैनात डॉक्टर की ओपीडी व आईपीडी संख्या की समीक्षा करते हुए कहा कि मरीजों को दिन के साथ ही रात में भी इलाज की समुचित सुविधा अस्पतालों में मिलनी चाहिए। उन्होंने डॉक्टरों को ओपीडी तथा आईपीडी की संख्या बढ़ाने के निर्देश देते हुए कहा कि शासकीय अस्पतालों में तैनात चिकित्सक अपने ड्यूटी वाले समय में नियमित रूप से अस्पताल में उपलब्ध रहेंए जिससे वहां आने वाले मरीजों को उसका लाभ मिल सके। ड्यूटी पर बिना सूचना के अनुपस्थित रहने वाले चिकित्सकों पर कार्रवाई की बात भी उन्होंने कही। उन्होंने आयुष्मान योजनांके तहत मरीजों के कार्ड ब्लॉकिंग प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसमें लापरवाही होने पर कार्यवाही की जायेगी। कलेक्टर साहू ने जिला अस्पताल के साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों व मेडिकल कॉलेज में मरीजों को मिल रही उपचार सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने यहां पदस्थ चिकित्सकों मेडिकल स्टाफ के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने सभी अस्पताल प्रबंधन को अपने परिसर में पूरी साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए। दवाओं का पूरा स्टॉक रखने तथा उपकरणों के नियमित मेंटेनेंस के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने कोविड के बूस्टर डोज का वैक्सीनेशन भी तेजी से पूरा करने के लिए कहा। उन्होंने हमर लैब व ब्लड बैंक निर्माण कार्य को जल्द पूरा करने के निर्देश निर्माण एजेंसी को दिए।

### *लो हिमोग्लोबिन वाली गर्भवती महिलाओं की होगी जांच*

*कलेक्टर साहू ने रायगढ़ जिला चिकित्सालय के कामकाज की भी समीक्षा की। उन्होंने अस्पताल के लिए आवश्यक उपकरणों की जानकारी देने के निर्देश दिए। उन्होंने वहां सोनोग्राफी जांच की संख्या को नाकाफी बताते हुए जांच बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही जिले में कम हिमोग्लोबिन वाली गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी जांच करवाने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ केशरी को दिए।*

### *भरे हो एनआरसी केंद्र*

*कलेक्टर साहू ने अस्पतालों में पोषण पुनर्वास केंद्रों के संचालन की भी समीक्षा की। उन्होंने इन केंद्रों में भरे एवं रिक्त बेड के बारे में जानकारी ली और कहा कि पोषण पुनर्वास केंद्रों में सारे बेड हमेशा भरे होने चाहिए। इसके लिए महिला बाल विकास विभाग से समन्वय करने के निर्देश उन्होंने स्वास्थ विभाग के अधिकारियों को दिए।*

# कोरोना के साथ स्वाइन फ्लू और डेंगू का बढ़ा खतरा

## मास्क पहनें और भीड़ में जाने से बचें , कोविड के बूस्टर डोज में जिले का प्रदर्शन बेहतर- डॉ. केशरी







जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

**जिले में बीते 15 दिनों में कोरोना के अलावे वायरल फीवर, स्वाइन फ्लू व डेंगू में वृद्धि देखने को मिल रही है। बारिश के मौसम में वायरल फीवर व डेंगू आम है। मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल व निजी अस्पतालों की ओपीडी में इन बीमारियों के मरीज बढ़ते ही जा रहे हैं।**

स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 194 कोविड के मरीज जिले में सक्रिय हैं। स्वाइन फ्लू के दोनों मरीज ठीक हो चुके हैं और वर्तमान में इसके मरीज नहीं है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसएन केसरी ने बताया त्यौहारी मौसम आ चुका है। लोग न तो मास्क पहन रहे हैं और न ही एहतियात बरत रहे हैं। दो साल तक लोगों ने कोविड प्रोटोकॉल का बेहतर तरीके से पालन किया। इसी के कारण कोविड संक्रमण पर लगाम लगी थी। एक बार फिर से कोविड तो बढ़ रहा है साथ ही स्वाइन फ्लू का भी खतरा हैं। इनके लक्षण एक से होते हैं। जिन लोगों में बुखार कई दिनों तक ठीक नहीं हो रहा है वह कोविड जांच कराएं। लोग स्वाइन फ्लू की जांच के लिए सैंपल भी दें। इस मौसम में स्वांस संबंधित संक्रमण सीवियर एक्यूट रेस्पेटरी इन्फेक्शन ज्यादा फैलता है। लोग सावधान रहें और अपने व परिवार की सुरक्षा करें। स्वास्थ्य विभाग के जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. योगेश पटेल कहते हैं श्वायरल फ ीवर से पीड़ित लोग 15 दिनों तक ठीक नहीं हो रहे हैं। कोरोना के मरीज लगातार मिल रहे हैं। लोग अभी भी कोविड टेस्ट कराने में झिझक रहे हैं। ऐसे में इसके और फैलने का डर है। जिन लोगों में कोविड के लक्षण दिखे वह तुरंत इसकी जांच कराएं और अपने परिजनों को संभावित खतरे से बचाएं। अभी कोरोना के साथ स्वाइन फ्लू व डेंगू ने भी परेशानियां बढ़ा दी हैं। दरअसल कोरोना व स्वाइन फ्लू के लक्षण में खास अंतर नहीं है। लोग सावधान रहें।

### बूस्टर डोज में जिले का प्रदर्शन प्रदेश में बेहतर

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसएन केशरी ने बताया बूस्टर डोज के मामले में रायगढ़ जिला प्रदेश में बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। राज्य के टॉप 5 जिलें में रायगढ़ शुमार है। टीकाकरण की रफ्तार ने जोर पकड़ी है। हर दिन हम अपने तय किये लक्ष्य को पूरा कर रहे है। 12.16 लाख लोगों में से 2.46 लाख लोगों ने बूस्टर डोज लगवाया है जिनमें 18 से 59 आयुवर्ग में 9 लाख 248 लक्षित लोगों में से 1.43 लाख, 60 वर्ष से अधिक 2.74 लाख लोगों में से 72.386 तो 18.623 हेल्थ केयर वर्कर्स में से 15.075 लोगों ने, 22.457 फ्रंट लाइन वर्कर्स में से 14.985 ने बूस्टर डोज लगवा लिया है।

### एहतियातन लगा सकते हैं स्वाइन फ्लू का टीका

*फोर्टिस जिंदल के चेस्ट फ ीजिशियन डॉ. मनदीप सिंह टुटेजा ने बताया उनके यहां भी स्वांस से संबंधित मरीजों की तादाद में बढ़ोत्तरी हुई है। वर्तमान समय में स्वाइन फ्लू और कोविड दोनों का खतरा लोगों पर मंडरा रहा है। स्वाइन फ्लू के लक्षण के संभावित मरीज भी हैं जिनकी अभी जांच की जानी है। लोग सतर्क रहें, रेस्परेटरी फेल्योर भी हो रहे हैं। लोग कोविड प्रोटोकाल का पालन कर इन बीमारियों से बच सकते हैं। 60 साल से अधिक के लोग जो कई प्रकार की बीमारियों से घिरे हैं वो एहतियातन स्वाइन फ्लू का टीका लगवा सकते हैं।*

# ग्राम खट्टी के मोड़ में अनियंत्रित स्विफ्ट कार खेत में घुसी

**गरियाबंद** । मंगलवार देर रात पांडुका थाना अंतर्गत ग्राम खट्टी के पास अनियंत्रित होकर एक स्विफ्ट कार पलटते हुए खेत मे घुस गया जिससे कर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया लेकिन गनीमत यह रहा कि कोई जनहानि नही हुआ ।घटना के विषय मे मिली जानकारी के अनुसार धमतरी जिला के बोडरा निवासी ब्यक्ति जो अकेले था वो मंगलवार के रात के जतमाई धाम से पांडुका की ओर अपनी कार स्विफ्ट क्रमांक सीजी 04 एलवी 5678 में आ रहा था उसी दौरान ग्राम खट्टी के मोड़ के पास सामने की ओर से एक अज्ञात वाहन और अ रहा था उसकी वाहन की लाईट से स्विफ्ट चालक मोड़ को समझ नही पाया और उज़्की कार अनियंत्रित होकर पलटते हुए खेत मे जा घुसी ,जिसमें कर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया लेकिन गनीमत रहा कि कोई जनहानि नही हुआ। वही तत्काल जेसीबी बुलवाकर कार को खेत से निकाला गया।

# ग्राम सपोस में दीया ग्रुप ने चलाया वृक्षारोपण अभियान

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर।





अखिल विश्व गायत्री परिवार की युवा शाखा डिवाइन यूथ ग्रुप दिया के द्वारा 10 अगस्त को दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक विद्यालय परिसर एवं ग्राम के तालाब किनारे वृक्षारोपण कार्य संपन्न किया गया साथ ही ग्राम सपोस के हाई स्कूल में पर्यावरण संरक्षण विषय पर कार्यशाला का आयोजन भी किया गया जिसमें ग्राम सपोस हाई स्कूल प्राचार्य मोतीराम पटेल एवं सरपंच नेतराम पटेल के द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया कार्यशाला में अपने उद्बोधन में ब्लॉक समन्वयक गायत्री परिवार भोज सिंह सिदार ने वृक्षारोपण को एक महान कार्य बताया उन्होंने बताया कि पौधों का संबंध हमारे जीवन से है पौधे हमें निशुल्क ऑक्सीजन प्रदान करते हैं वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण पृथ्वी के बढ़ते तापमान के लिए वृक्षारोपण अति महत्वपूर्ण है कार्यक्रम का संचालन डिवाइन ग्रुप दिया जिला संयोजक जी आर चौहान एवं ममता चौहान के द्वारा किया गया इस कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया साथ ही दिया से जुड़े गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं ने भी भागीदारी की जिसमें केश्वर राम भगत, युवा प्रकोष्ठ नरेश पटेल, टिकेश्वर पटेल, दुष्यंत कुमार रात्रे, राजकमल चौहान ऋषि कुमार एवं ग्राम के बड़े बुजुर्ग शिक्षक शामिल हुए।

# भोजली महोत्सव एवं भोजली प्रतियोगिता में जय लोधेश्वर महाराज जयकारे की गूंज- देवेन्द्र वर्मा दुर्ग सांसद प्रतिनिधि तेंदुआ

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

जय लोधेश्वर महाराज की गूंज तेंदुआ के पावन भुमि पर होगा भव्य संगम जहा विशाल मंच पर छत्तीसगढ़ प्रदेश के नामी राजनेता करेंगे मंच पर शिरकथ छत्तीसगढ़ के धरोहर संस्कृति सभ्यता को बनाए रखने के लिए देवेंद्र वर्मा सांसद प्रतिनिधि दुर्ग तेंदुआ निवासी अपने ग्राम में भोजली महोत्सव व भोजली प्रतियोगिता का आयोजन रखा। इस मंच में पांच हजार लोगों से भी ज्यादा समाज के लोग आकर धार्मिक परंपराओं तथा छत्तीसगढ़ संस्कृति का झलक देखने को मिलेगा। गौरतलब हो की इंद्र कुमार राजपूत सर्कल अध्यक्ष मारो लोधी समाज एवं ईश्वर सिंह लोधी सर्कल अध्यक्ष नवागढ़ लोधी समाज के मुख्य आतिथ्य में भोजली महोत्सव एवं भोजली प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा साथ ही छत्तीसगढ़ सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरू सुधा शिव तिवारी लोक गायक का कार्यक्रम रखा गया है

### नंदा जाही का रे... कविता के कवि मीर अली का होगा साहितियक प्रस्तुति

राज्य सरकार द्वारा पुरस्कृत कवि मीर अली जिनकी रचना नंदा जाही का रे का कार्यक्रम 12 अगस्त 2022 दिन शुक्रवार को शाम 6~00 से रात्रि 9~00 तक आयोजित होगा।





**विशाल मंच में 5 हजार से भी ज्यादा लोग होंगे भोजली महोत्सव एवं भोजली प्रतियोगिता में शामिल**

विशिष्ट अतिथि में बाबूलाल राजपूत रोहित वर्मा राजेश प्रेमलाल राजपूत देवेंद्र राजपूत रामखेलावन राजपूत दिलीप सिंह राजपूत,

अति विशिष्ट अतिथि में घनश्याम वर्मा जगदीश वर्मा जमुना प्रसाद वर्मा राजेंद्र वर्मा राजेंद्र पटेल अर्जुन सिंह राजपूत विष्णु राजपूत की विशेष आतिथ्य में यह कार्यक्रम आयोजित होगा कार्यक्रम आयोजक देवेंद्र कुमार वर्मा सांसद प्रतिनिधि भाजपा पूर्व जिला महामंत्री लोधी समाज पूर्व जनपद प्रतिनिधि भाजपा जनपद पंचायत नवागढ़ ग्राम तेंदुआ ने उक्त कार्यक्रम की जानकारी मीडिया को दी। जिसमें समाज प्रमुखों का जमावड़ा रहेगा साथ ही समाज हित में हो रहे कार्यों की समीक्षा की जाएगी साथ शैक्षणिक विकास एवं सामाजिक विकास की गतिविधियों को जोर देने के लिए प्रबलता से विचार विमर्श किया जाएगा।

## एक नजर

### सखी साहित्य परिवार ने मनाया सावनोत्सव

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



सखी साहित्य परिवार रायगढ़ इकाई के तत्वाधान में 9 अगस्त 2022 को स्थानीय रोज गार्डन में सावनोत्सव सह काव्यण् गोष्ठी रखी गयी थी। जिसमें सभी सखियों ने काव्य गोष्ठी के अलावा कई मनोरंजक कार्यक्रम भी किए। जिसमें सखी साहित्य परिवार की अध्यक्ष व आयोजक धनेश्वरी देवाँगन के साथ ही रुकमणि सिंह ठाकुर, गीता उपाध्याय, सुधा देवाँगन, सुशीला साहू, आरती मेहर, रजनी वैष्णव, अरूणा साहू, साधना मिश्रा, आशा मेहर, उषा मेहर, उषा पांडे, अजय पटनायक, गुलशन खम्हारी, राधारानी पाँडे, लीशा पटेल, कृष्णा पटेल, केशिका साहू, इन्दू साहू, अर्चना षडंगी, अर्चना राजेन्द्र षडंगी, सुकेशी प्रधान, सुशीला पटेल, प्रियंका स्वर्णकार, दीपक महापात्रे के साथ ही अनेक कवि, कवयित्री उपस्थित थे।

### प्री मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक एवं मेरिट कम मिन्स छात्रवृत्ति हेतु आवेदन 31 अक्टूबर तक

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कि अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र-छात्राएं जो अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैंए वर्ष 2022-23 की प्री मेट्रिकए पोस्ट मेट्रिक एवं मेरिट-कम-मीन्स छात्रवृत्ति नवीनए नवीनीकरण हेतु पोर्टल प्रारंभ किया जा चुका है। इस योजना हेतु विभिन्न प्रक्रियाओं के लिए तिथिवार अंतिम तिथि निर्धारित किया गया है। जिसमें प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 सितम्बर 2022 एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति तथा व्यावसायिक और तकनीकी पाठयक्रमों के लिए मेरिट कम मीन्स स्कॉलरशिप सी एस हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2022 तक निर्धारित किया गया है। अल्पसंख्यक समुदाय के विद्यार्थियों को प्री मैट्रिक एवं पोस्ट मैट्रिक तथा मेरिट कम मीन्स छात्रवृत्ति का लाभ लेने हेतु अधिक से अधिक संख्या में निर्धारित तिथि से ऑनलाईन पोर्टल पर आवेदन प्रविष्ट करने कहा है।

### 14 अगस्त को स्वतंत्रता दौड़ का होगा आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

खेल एवं युवा कल्याण विभाग जशपुर के द्वारा 14 अगस्त को सुबह 7.30 बजे स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया गया है। स्वतंत्रता दौड़ सुबह 7.30 बजे जय स्तम्भ चौक से प्रारंभ होकर महाराजा चौक, बस स्टैण्ड, पुरानीटोली होते हुए रणजीता स्टेडियम जशपुर में समाप्त होगी। खेल अधिकारी ने जिले के समस्त गणमान्य नागरिक एवं समस्त विभाग के अधिकारी, कर्मचारी से स्वतंत्रता दौड़ में शामिल होने की अपील की है।

### परिवहन सुविधा केन्द्र के लिए 13 अगस्त तक दावा आपत्ति आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि जिले में परिवहन सुविधा केन्द्र स्थापित किए जाने हेतु 12 आवेदन स्वीकार किये गये थे। परिवहन सुविधा केंद्र मार्गदर्शिका.2022 में दिये शर्तों के अनुसार प्रथम चरण में 4 आवेदकों को अस्थायी रूप से चयनित किया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त चयनित आवेदकों के संबंध में दावा आपत्ति 13 अगस्त 2022 के शाम 5.30 बजे तक प्रस्तुत किया जा सकता है। उक्त संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिला परिवहन विभाग से संपर्क किया जा सकता है।

### यूनिसेफऔर महिला एवं बालविकास विभाग ने मनाया विश्व स्तनपान सप्ताह

**गरियाबंद** । जिले में यूनिसेफ और महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा विश्व स्तनपान सप्ताह पर जिला स्तर पर 'ये मौका छुटे न' कार्यशाला का आयोजन किया गया ।इस कार्यशाला में आईसीडीएस विभाग से सीडीपीओ चंद्रेश साहू, स्वास्थ्य विभाग आईवायसीएफ से डॉ योगेंद्र सिंह,अन्नू विश्वकर्मा,यूनिसेफ डीएमसी राहुल कश्यप,पिरामल स्वास्थ फेलो प्रथमेश मानेकर,फेलो हाशिर,आंगनवाड़ी सुपरवाइजर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवम एसएचजी महिला समूह शामिल हुए ।ये मौका छुटे न' कार्यशाला में स्तनपान के महत्व, स्तनपान में परिवार की भागीदारी कैसी होनी चाहिए।

# 13 से 15 अगस्त को अपने घर में फहरायें तिरंगा झंडा- सांसद गोमती साय

जोहार छत्तीसगढ़-फरसाबहार।



आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर आजादी का अमृत महोत्सव पूरे देश के साथ मनाते हुए हर घर तिरंगा अभियान के तहत आप सभी अपनी सहभागिता निभाये। 13 अगस्त से ही अपने घर में तिरंगा फहरायें। देश भक्ति की भावना से देश के साथ जुड़े। तिरंगा देश की आन बान शान है। देश की आजादी के 75 वर्ष बाद देश के हर नागरिक को अपने घर पर तिरंगा फ्हराने का अधिकार मिला है। हर घर तिरंगा एक भारतए श्रेष्ठ भारत की आवाज को बुलंद करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि हमें पूरे देश में तिरंगा फहरा कर एक भारत-श्रेष्ठ भारत का संकल्प लेना है।

# वन महोत्सव में शामिल हुए उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

**उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल ने आज एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छर्राटांगर घरघोड़ा जिला-रायगढ़ में आयोजित वन महोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने मां शारदे एवं वनदेवी की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।**





उच्च शिक्षामंत्री ने कहा कि हमें जल, जंगल और जमीन को बचाना है, तभी हमारा जीवन सार्थक होगा। पेड़ हमें ऑक्सीजन प्रदान करता है। पेड़ों से हमें विभिन्न प्रकार की जीवन रक्षक औषधियां प्राप्त होती है। इसके साथ-साथ पूरी आयु में पेड़ हमें छाया व फल प्रदान करता है। हमें अपने जीवनकाल में एक पेड़ अवश्य ही लगाना चाहिए। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को अपने घरों एवं आसपास के क्षेत्रों में एक पेड़ अवश्य लगाने तथा उसे संरक्षित करने का आग्रह किया। इस मौके पर छात्रावास के बच्चों ने आदिवासी नृत्य पर अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्री निराकार पटेल ने वन महोत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पेड़ हमारे जीवन में बहुत ही महत्व रखते हैं। हर व्यक्ति को अपने जीवनभर में एक पौधा लगाकर उसे पेड़ बनाने तक संभालना चाहिए। हमें पौधे की तब तक देखभाल करनी चाहिए जब तक कि वह एक बड़ा पेड़ नहीं बन जाए। इसके बाद हमें अपने आप पर गर्व महसूस होगा। एक अच्छे नागरिक की जिम्मेदारी निभाते हुए सभी नागरिक को हर साल एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए।

कलेक्टर रानू साहू ने कहा कि पेड़ ही ऑक्सीजन के जरिए मानव जीवन को बचाती है। दूसरे यह मिट्टी के क्षरण यानी उसे धूल बनने से रोकता है। जमीन से उसे बांध रखता है। भू-जल स्तर को बढ़ाने में सबसे ज्यादा मदद करता है। इसके अलावा यह वायु मंडल के तापक्रम को नियंत्रित करता है। हमारे जीवन में खाने-पीने से लेकर दैनिक जीवन में कई आवश्यकताओं की पूर्ति पेड़-पौधों से होती है। इसलिए अपने आसपास ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाएं और उसे संरक्षित करें।

इस दौरान उच्च मंत्री उमेश पटेल ने छात्रावास प्रांगण में आम के पौधे का रोपण किया। वहीं कलेक्टर श्रीमती रानू साहू ने नारियल के पौधे लगाए। इसी तरह उपस्थित सभी जनप्रतिनिधि एवं जिला स्तरीय अधिकारियों ने भी विभिन्न प्रजातियों के एक-एक पौधे लगाए।

### नील सरोवर तालाब के पास हुआ पौधरोपण

*उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल ने उनके बड़े भाई शहीद दिनेश पटेल के जन्म दिवस पर ग्राम-मदनपुर के नीलसरोवर तालाब में आयोजित वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में भी शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने तालाब के किनारे आम के पौधे का रोपण किया। वहीं डीएफओ रायगढ़ स्टायलो मंडावी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों ने भी एक-एक पौधों का रोपण किया।*

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in